ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

04 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 44

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा


जीत ने 2024 की हैट्रिक की गारंटी दी : नरेंद्र मोदी






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 50,100 रु./10 ग्राम
चांदी 81,000 रु./प्रति किलो



# छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान: मोदी-मोदी और सिर्फ मोदी

## ■ 2024 में होनेवाले फाइनल मुकाबले में कोई नहीं है भाजपा के आसपास

## ■ तीन राज्यों में कांग्रेस को महंगा पड़ गया राहुल का सनातन विरोधी स्टैंड

## ■ कमलनाथ और गहलोत के राजनीतिक करियर पर लग गया फुलस्टॉप

**हिंदी पट्टी के तीन राज्यों, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और दक्षिण भारत के प्रवेश द्वार तेलंगाना के विधानसभा चुनाव के परिणामों ने सत्ता के सेमीफाइनल का परिणाम भी घोषित कर दिया है। तमाम चुनावी सर्वेक्षणों और एग्जिट पोल को धता बताते हुए हिंदी पट्टी के तीनों प्रदेशों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी सिर चढ़ कर बोली, जबकि तेलंगाना के मतदाताओं ने कुछ हद तक कांग्रेस के आंसू पोछे। हालांकि वहां भी भाजपा ने भविष्य के द्वार पर दस्तक दे दी है। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले इन राज्यों के विधानसभा चुनाव सभी पार्टियों के लिए सेमीफाइल मुकाबले की तरह ही थे। इस चुनावी दंगल में हालांकि हर पार्टी अपनी जीत का दावा कर रही थी, यहां तक कि अधिकांश संस्थानों के एग्जिट पोल भी राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की वापसी की अटकलें परोस रहे थे, लेकिन तेलंगाना को छोड़ कर जीत का सेहरा भाजपा के सिर पर ही चढ़ा। अब परिणाम सामने है। मध्यप्रदेश में भाजपा ने शानदार तरीके से सत्ता में वापसी कर ली है, जबकि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पीएम मोदी की आंधी ने पूरे विपक्ष, खास कर कांग्रेस को जड़ से उखाड़ फेंका है। वहां के आदिवासी मतदाताओं ने भी पूरी तरह से कांग्रेस को बैकफुट पर धकेल दिया है।**

**आजाद सिपाही विशेष**

**तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति से सत्ता छीन कर कांग्रेस ने थोड़ी इज्जत बचायी है, लेकिन वहां भी भाजपा ने भविष्य की आस जगा दी है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के पराजित होने के साथ ही एक बात साफ हो गयी है कि हिंदी पट्टी में कांग्रेस का तंबू पूरी तरह उखड़ चुका है। एक तरफ पीएम मोदी के दम पर भाजपा की आंधी चल रही है, तो दूसरी तरफ कांग्रेस के पास अब कोई हथियार नहीं बचा है। उसका विभिन्न जातियों को बांट कर सत्ता हथियाने का फार्मूला भी इस चुनाव में पूरी तरह फ्लॉप हो गया। कांग्रेस के लिए उसके सबसे बड़े नेता राहुल गांधी का सनातन विरोधी स्टैंड और कांग्रेस पार्टी का हिंदुओं के आराध्य श्रीराम को काल्पनिक बताना एक बार फिर बहुत भारी पड़ गया है। इस विधानसभा चुनाव के परिणाम ने कांग्रेस के दो क्षत्रपों, कमलनाथ और अशोक गहलोत के राजनीतिक करियर पर भी पूर्ण विराम लगा दिया है। इस तरह सत्ता के इस सेमीफाइनल ने यह भी साफ कर दिया है कि 2024 में होनेवाले फाइनल मुकाबले में भाजपा के आसपास भी कोई नहीं है। क्या है इन चार राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम के सियासी मायने, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में सत्ता का सेमीफाइनल मुकाबला लगभग एकतरफा रहा है। सत्ता का यह सेमीफाइनल चार राज्यों में विधानसभा चुनाव को कहा गया था। इन चार राज्यों में हिंदी पट्टी के तीन राज्य, मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के अलावा दक्षिण का प्रवेश द्वार तेलंगाना शामिल थे। इन राज्यों से मोदी की आंधी के सामने सभी दल चारों खाने चित्त हो गये हैं। खास कर कांग्रेस को इन राज्यों के मतदाताओं ने जड़ से उखाड़ फेंका है। भाजपा ने पीएम मोदी के मैजिक के सहारे मध्यप्रदेश की सत्ता में शानदार वापसी तो की ही है, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में उसने कांग्रेस को बुरी तरह पटखनी देते हुए सत्ता छीन ली है। कांग्रेस ने तेलंगाना में जरूर बीआरएस से सत्ता छीनी है, लेकिन हिंदी पट्टी के दो राज्यों की हार से इसका बैलेंस नहीं हो सकता है। चार राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम से अब यह साफ हो गया है कि 2024 में होनेवाला फाइनल मुकाबला भी ऐसा ही रहनेवाला है, जिसमें मोदी मैजिक के सामने न कांग्रेस ठहर पायेगी और न एकजुट विपक्ष। इन चुनाव परिणामों ने कांग्रेस को काफी कमजोर कर दिया है। आइएनडीआइए गंठबंधन में कांग्रेस एक तरह से सुपरसीड कर रही थी। उसने कई अवसरों पर एकतरफा फैसला लिया और क्षेत्रीय दलों को बार-बार यह बताने की कोशिश की वह सबसे बड़ी है। जाहिर है, इन परिणामों ने उसके रुतबे पर धुंध लगा दी है।

यहां सवाल उठता है कि यह सब कैसे हुआ। चुनावी राजनीति का एक नियम है कि लोग चेहरे के आधार पर वोट करते हैं। प्रदेश की कमान किसके हाथ में सौंपनी है, वहां की जनता अक्सर इसी आधार पर पार्टी का चुनाव किया करती है। लेकिन मोदी मैजिक में राजनीति के ऐसे कई नियम एक बार फिर धराशायी हो गये। दूसरे शब्दों में कहें तो मोदी की लोकप्रियता ने राजनीति में खेल के कई नियम ही बदल दिये। अब चेहरा कोई भी हो, मोदी की गारंटी काफी है। इस तरह इस चुनाव परिणाम ने तीन साफ संदेश दिये हैं।

### मोदी मैजिक के सहारे भाजपा

चार राज्यों के चुनाव परिणाम का पहला संदेश यह है कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा को केवल मोदी मैजिक का ही सहारा है। मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जीत हासिल कर भाजपा ने 'मोदी है तो मुमकिन है' के अपने नारे को सही करार दिया है। पीएम मोदी पिछले करीब 10 वर्षों से भाजपा के लिए 'विनिंग मशीन' की भूमिका निभा रहे हैं। भाजपा ने किसी राज्य में मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया था। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्रियों क्रमशः वसुंधरा राजे सिंधिया और डॉ रमन सिंह को भाजपा ने पीछे रखा।

### 2024 में कोई नहीं टिकेगा मोदी के सामने

इस विधानसभा चुनाव परिणाम ने एक और बात साफ कर दी है कि 2024 के पूर्वार्द्ध में होनेवाले संसदीय चुनाव में मोदी के सामने कोई नहीं टिकेगा। हालांकि खुद मोदी और भाजपा को पता है कि 2019 में रिकॉर्डतोड़ जीत हासिल करनेवाली भाजपा के बहुत से ऐसे सांसद हैं, जो दोबारा जीतने में सक्षम नहीं हैं। इसके बावजूद राज्यों के चुनाव परिणाम ने बता दिया है कि 2024 में भाजपा अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ने में सफल होगी, क्योंकि उसके पास पीएम मोदी नामक ब्रह्मास्त्र है। पीएम मोदी के इस जादू का साल दर साल मजबूत होने का कारण वे लोककल्याणकारी योजनाएं हैं, जिनका फायदा आम लोगों को सीधे बैंक खाते या घर की रसोई में दिखता है। गरीबों की थाली में अन्न उनके दिलों में गहरा समा गया है। साथ ही इस समय भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो चुनाव लड़ना भी जानती है और उसे जीतना भी। वह क्रिकेट के हर फार्मेट की तरह चुनाव प्रबंधन करती है। 2014 के आम चुनावों के बाद से भाजपा की इस बात को लेकर लगातार प्रशंसा होती रही है कि उसकी मशीनरी हमेशा चुनाव लड़ने को तैयार रहती है। एक चुनाव जीतने के बाद उसके नेता जश्न मनाने को ठहरते नहीं, बल्कि दूसरे मोर्चे पर निकल पड़ते हैं। प्रशंसा इस बात को लेकर भी होती है कि स्थानीय चुनावों तक में भाजपा का शीर्ष नेतृत्व पूरी ताकत झोंक देता है और नतीजों की चिंता किये बिना चुनाव को किसी युद्ध की तरह लड़ता है। मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के परिणाम भी यही बताते हैं। यहां जनादेश जिस तरह से आया है, वह यह भी बताता है कि 2024 के आम चुनावों से कुछ महीने पहले मतदाताओं पर पीएम मोदी का प्रभाव अब तक के सर्वोच्च स्तर पर है। यह प्रभाव हर गरीब और महिलाओं में है।

### कांग्रेस को भारी पड़ा राहुल का सनातन विरोधी स्टैंड

इस चुनाव परिणाम ने दूसरा बड़ा संदेश यह दिया है कि कांग्रेस का तंबू अब हिंदी पट्टी से उखड़ चुका है। इसका मुख्य कारण इसके सबसे बड़े नेता राहुल गांधी हैं। भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी ने खुद को जिस अवतार में ढालने की कोशिश की, हिंदी पट्टी के मतदाताओं ने उसे स्वीकार नहीं किया। अपने वोट बैंक की खातिर वह लगातार समाज में फूट डालने की कोशिश करते रहे। उन्होंने जाति कार्ड भी खुल कर खेला। तुष्टीकरण की नीति को सर्वोपरि रखा। राहुल गांधी लगातार सनातन का विरोध करते रहे और एमके स्टालिन सरीखे हिंदू विरोधियों के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़े नजर आये। इतना ही नहीं, उन्होंने एकाधिक मौकों पर अपनी सनातन विरोधी छवि को जनता के सामने रखा। कांग्रेस पार्टी के नेताओं में इस बात की भी होड़ लग गयी थी कि कौन कितनी ऊंची आवाज में श्रीराम को काल्पनिक बता सकता है। कोई रामायण में खोट निकाल रहा था, तो कोई हिंदू देवी देवताओं का खुल कर उपहास उड़ा रहा था। इसका खामियाजा कांग्रेस को हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में शर्मनाक पराजय के रूप में भुगतना पड़ा है। कांग्रेस को अब यह समझ लेना चाहिए कि राहुल गांधी उसके लिए हमेशा घाटे का सौदा ही साबित होंगे।



### बड़बोलेपन के शिकार हो गये हैं कांग्रेस के युवराज

यह भी सच है कि कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी बड़बोलेपन का शिकार हो गये हैं। वह बार-बार मोदी को पानी पी-पीकर कोसते हैं और यह जताने की कोशिश करते हैं कि उनसे बड़ा ज्ञानी, उनसे बड़ा हितैषी और उनसे बड़ा राजनीतिक विशेषज्ञ कोई दूसरा है ही नहीं। हद तो तब हो गयी, जब वर्ल्ड कप हारने पर उन्होंने मोदी को पनौती तक कह दिया। पिछले चार सालों के उनके वक्तव्यों पर अगर नजर डाली जाये, तो उन्होंने क्या-क्या नहीं कहा। कभी जेबकतरा की उपाधि दे दी, तो कभी डकैत बना दिया। चौकीदार चोर तो उनका सूत्र वाक्य बन गया था। उनके इन वाक्यों ने जनता की नजरों में उन्हें इस हद तक गिरा दिया कि उनके किसी भी वादे पर किसी को भरोसा नहीं रहा। पीछे प्रियंका गांधी भी नहीं रहीं। उन्होंने पीएम मोदी के लिए ऐसे-ऐसे विशेषणों का इजाद किया, जिसे लिखा भी नहीं जा सकता। ऐसा करते समय राहुल गांधी और प्रियंका गांधी यह भूल गये कि मोदी विरासत की नांव पर सवार होकर सत्ता तक नहीं पहुंचे हैं। उन्होंने अपने को तपाया है। लोगों के सामने अपने को प्रूव किया है। उन्होंने जो कहा है, वह किया है। उन्होंने गरीबों की थाली में भोजन का इंतजाम किया है, तो महिलाओं को इज्जत बख्शी है। सच कहा जाये तो समाज के अंतिम व्यक्ति को वह मुख्यधारा में जोड़ने का हर वह प्रयास कर रहे हैं, जो मुमकिन है। उन्होंने देश की सुरक्षा को सर्वोपरि माना है। तीनों सेनाओं का मान-सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने पूरी दुनिया को यह बताया है कि आज का भारत क्या है। अब कोई देश भारत को आंख दिखाने की स्थिति में नहीं है। यहां तक कि अमेरिका जैसा देश अब यह कहने में अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है कि भारत उसका मित्र है। यह वही अमेरिका है, जिसने कांग्रेस के दबाव में कभी मोदी को अपने देश में आने के लिए वीसा नहीं दिया था, अब वही देश मोदी के लिए पलक पावड़े बिछा कर उनका इंतजार करता है। दुनिया जब युद्ध के संकट में घिरती है, तो उसे यकीन है कि शांति बहाली की दिशा में मोदी कोई न कोई हल निकाल ही लेंगे। यह मोदी का व्यक्तित्व ही है कि एक तरफ जहां रूस को भी उन पर भरोसा है, तो यूक्रेन भी उनकी ओर आशा भरी नजरों से देखता है। यह मोदी ही हैं, जिन्होंने भारतीय छात्रों को निकालने के लिए चार दिनों का युद्ध विराम करा दिया था। यही नहीं इस्राइल और हमास युद्ध में भी मोदी की अहमियत दुनिया को समझ में आ गयी है। मोदी जहां शांति की बात करते हैं, वहीं कांग्रेस और राहुल गांधी आतंकी हमास का एकतरफा पक्ष लेते हैं और ऐसा करते समय वे भूल जाते हैं कि हमास ने पहले किस तरह इस्राइलियों का कत्ल किया। जी-20 समिट ने भी मोदी और भारत का कद दुनिया के सामने निर्विवाद रूप से ऊंचा किया है।

### छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में जनजातीय समाज का साथ

चुनाव से पहले विपक्षी दल के सूरमा यह ताल ठोक रहे थे कि आदिवासी समाज पूरी तरह से भाजपा से अलग हो गया है। वह चुनाव में धूल चटा देगा। लेकिन चुनाव परिणाम ने यह साबित कर दिया है कि जनजातीय समाज का पूरा साथ भी मोदी को मिला है। तमाम अफवाहों और दिग्भ्रमित करनेवाले बयानों के बावजूद इस बार भाजपा का पूरी तरह साथ दिया है। आदिवासी समाज भी यह समझ चुका है कि सिर्फ बातों से भात और घर नहीं मिलेगा। यह मोदी ही हैं, जो सबका साथ, सबका विकास की बात करते हैं, जबकि कांग्रेस जातियों में बांट कर अपनी साख बढ़ाना चाहती है। चुनाव के दरम्यान मोदी के झारखंड दौरे को लेकर भी विपक्षियों ने मजाक उड़ाया था। वह बताने कि कोशिश कर रहे थे कि मणिपुर में मोदी के हाथ खून से सने हैं, लेकिन वह भूल गये कि जनता सब जानती है। मणिपुर में मैतेई और कुकी का स्थानीय मामला है। वहां नस्लीय हिंसा हुई है। वहां लगी आग में विपक्ष ने घी डालने का ही प्रयास किया। कुकी की बात तो सब कोई कर रहा था, सड़कों पर उतर रहा था, मानवा श्रृंखलाएं बना रहा था, लेकिन वहां के मूलवासी मैतेई के हक और अधिकार की बात कोई नहीं कर रहा था। यहां तक कि राहुल गांधी जब मणिपुर गये, तो उन्होंने सिर्फ और सिर्फ कुकियों के आंसू पोछे। उन्हीं के कैंपों में गये। यही नहीं, भारत जोड़ो यात्रा के समय भी उन्होंने अपने मंच पर उन्हीं लोगों को स्थान दिया, जो हिंदू विरोधी थे। मोदी को पानी पी-पीकर गाली देते थे।

### कमलनाथ और गहलोत का करियर खत्म

इस विधानसभा चुनाव परिणाम ने एक और बड़ा संदेश दिया है। यह संदेश है कि मध्यप्रदेश के कमलनाथ और राजस्थान के अशोक गहलोत का राजनीतिक करियर अब खत्म हो गया है। इन दोनों नेताओं ने अपने-अपने राज्यों में न केवल पूरे चुनाव अभियान का नेतृत्व किया, बल्कि कांग्रेस आलाकमान को यह विश्वास दिलाने में भी सफल रहे कि उनके सामने कोई टिकनेवाला नहीं है। अब जबकि दोनों राज्यों में कांग्रेस की दुर्गति हो गयी है, साफ है कि ये दोनों नेता अब कांग्रेस का चेहरा नहीं होंगे।

### कांग्रेस में नया रोग

पूरे देश के कांग्रेसी एक नये किस्म के रोग से ग्रसित हो गये हैं। पहले राजनीति में इस बात का खयाल रखा जाता था कि किस कद के नेता के खिलाफ कौन नेता तार्किक तरीके से अपनी बातों को रखेगा। लेकिन इन दिनों कांग्रेसी मोदी फोबिया से ग्रसित हो गये हैं। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और प्रदेश अध्यक्षों की बात तो छोड़ ही दीजिए, प्रखंड स्तरीय छुटभैये नेता भी मोदी विरोध से ही अपने दिन की शुरुआत करते हैं। कांग्रेस नेताओं और समर्थकों में इस बात की होड़ सी लग गयी है कि मोदी को कौन कितना गाली दे सकता है। कितने अमर्यादित शब्दों से उनके खिलाफ बोल सकता है। इसी क्रम में वह हिंदुओं को भी गाली दे रहे हैं और तमाम सनातनियों को नीचा दिखा रहे हैं। हिंदी पट्टी के तीन राज्यों के चुनाव परिणाम ने यह साफ कर दिया है कि हिंदुओं के चित से अब कांग्रेस उतर गयी है और 2024 के आम चुनाव में उसके सामने मोदी ही एकमात्र विकल्प हैं। एकमात्र गारंटी हैं।

# सनातन को गाली देनेवालों की अब खैर नहीं!

## त्वरित टिप्पणी

**नकली हिंदुत्व का ढोंग और चोला ओढ़नेवालों के लिए साफ संदेश, प्लीज गेट आउट**

**असली पोलिटिकल सर्कस तो अब शुरू होगा, कोई पलटी मारेगा, कोई पाला बदलेगा, तो कोई विचारों की धारा बदलेगा**

**राकेश सिंह**

*जिस प्रकार से हिंदी पट्टी के तीन राज्यों, मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा को प्रचंड जीत हासिल हुई, इसमें एक बात साफ हो गयी है कि सनातन को गाली देनेवालों की अब खैर नहीं। नकली हिंदुत्व का ढोंग और चोला ओढ़नेवालों के लिए सनातनियों का साफ संदेश है, गेट आउट। 2023 के इन तीन राज्यों के विधानसभा चुनावी परिणाम ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तस्वीर भी साफ कर दी है। इस चुनाव ने आदिवासियों का रुख भी साफ कर दिया है। छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में आदिवासियों ने भाजपा का खुल कर साथ दिया। वहीं इस चुनाव ने यह भी साबित कर दिया कि कांग्रेस की जातिगत जनगणना का कार्ड भी फ्लॉप रहा। हिंदी पट्टी के चुनावी नतीजों ने साफ कर दिया है कि 2024 का लोकसभा चुनाव विकास कार्यों, जनहित योजनाओं और हिंदुत्व के मुद्दे पर लड़ा जायेगा। इस चुनाव में राम मंदिर की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस चुनाव परिणाम ने यह भी साफ कर दिया है कि जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। इस चुनाव में यह भी देखा गया कि महिलाओं ने खूब बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, खासकर मध्यप्रदेश में इसका असर साफ दिखा। केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा शुरू की गयी योजनाओं ने यहां बाजी मारी है। लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली आवास योजना, लाड़ली बहना योजना और अन्य योजनाओं ने मध्यप्रदेश में भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। मतदान के पहले बने वातावरण को समझते हुए महिलाओं को समझ में आ गया कि अब घर से निकलना ही होगा, नहीं तो गड़बड़ हो जायेगा। चूंकि भाजपा द्वारा योजनाएं उनके जीवन को आसान बना रही हैं। साथ देने का वक्त आया तो लाड़ली बहनों ने मोदी का खूब साथ दिया। इस चुनाव में हिंदुत्व का रंग मददाता पर खूब बढ़ चढ़ कर बोला। राजस्थान में कन्हैयालाल हत्याकांड का गुस्सा लोगों ने अपने भीतर दबाये रखा, लेकिन उसकी ज्वाला अंदर ही अंदर धधक रही थी। जब मौका आया, तब जनता ने सही जगह चोट किया। इसे कहते हैं अपने मत का सही समय पर उपयोग करना। बिल्कुल सटीक और सही जगह पर राजस्थान की जनता ने कांग्रेस को धूल चटायी। लोगों ने बता दिया कि सनातन की ताकत क्या होती है। बता दिया कि 300 साल पुराना शिव मंदिर तोड़ने का हश्र क्या होता है। बता दिया कि हिंदुत्व के साथ खिलवाड़ करने का नतीजा क्या होता है। उनके त्योहारों के साथ छेड़छाड़ करने का क्या हश्र होता है। राजस्थान की जनता ने यह भी संदेश दे दिया कि बेटियों की सुरक्षा अगर गहलोत सरकार नहीं कर सकती, तो उसे कोई अधिकार नहीं शासन में रहने का। जनता कांग्रेस की गहलोत सरकार की कानून व्यवस्था से त्रस्त हो चुकी थी। वह अब और अत्याचार बर्दाश्त करने के मूड में नहीं। कांग्रेस की गहलोत सरकार ने जनता को लालच देने की भी भरपूर कोशिश की, लेकिन जनता को गहलोत का लॉलीपॉप नहीं चाहिए था। वह गहलोत सरकार को स्पष्ट शब्दों में बोली- प्लीज गेट आउट। आखिर कब तक कांग्रेस का नकली हिंदुत्व का ढकोसला जनता बर्दाश्त करती। जनता बेवकूफ नहीं है। सिर्फ सनातन की पोशाक पहन और हाथ हिला कर आरती करने से कोई सनातनी नहीं हो जाता। चुनाव आता नहीं कि कांग्रेसी नेता मंदिर-मंदिर घूमने निकल पड़ते हैं। सॉफ्ट हिंदुत्व, हार्ड हिंदुत्व, जाति आधारित कार्ड खेलने लगते हैं। कभी तपस्वी बन जाते हैं। कभी मोहब्बत की दुकान खोलने लगते हैं। लेकिन हिंदी पट्टी के इन तीन राज्यों की जनता ने कहा कि नो मोर नकली मोहब्बत की दुकान। अपनी नकली मोहब्बत की दुकान अपने पास रखो। जिस प्रकार से उदयनिधि स्टालिन ने सनातन को गाली दी थी, सनातन का समूल नाश करने की बात कही थी और कांग्रेस के युवराज ने उनके कंधे से कंधा मिलाया था, क्या सनातनियों ने यह सब नहीं देखा। सनातनियों ने उस वक्त ही फैसला कर लिया था कि आओ मैदान में, सबक जरूर सिखायेंगे। छत्तीसगढ़ को ही ले लीजिए। जिस प्रकार से आदिवासियों ने भाजपा को झोली भर कर वोट दिया, उससे साफ है कि आदिवासियों को भी नरेंद्र मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। जनता ने छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार को बाय-बाय कर दिया। महादेव एप ने भी बघेल सरकार को काफी नुकसान पहुंचाया। और भी कई घोटाले उभर कर सामने आये। छत्तीसगढ़ की जनता को समझ में आ गया कि भाजपा ही उनके राज्य को संवार सकती है, क्योंकि मोदी है तो मुमकिन है।*

*फिलहाल अभी तो यह झांकी मात्र है। 2024 का लोकसभा चुनाव अभी बाकी है। इस चुनाव परिणाम से साफ हो गया कि जनता को मोदी पसंद है। मोदी मैजिक बरकरार है। अब जनवरी भी आनेवाला है। राम मंदिर का उद्घाटन होनेवाला है। राम मंदिर का उद्घाटन होते ही देश का माहौल राममय होना तय है। भाजपा को इसका लाभ भरपूर मिलेगा। जिसने राम के अस्तित्व पर ही सवाल उठा दिया था, जनता उनके अस्तित्व पर सवाल उठाने के लिए बेचैन है। अब तो अलायंस भी टूटेंगे, नेता पार्टी भी बदलेंगे। कोई पलटी भी मारेगा, कोई चुनावी रणनीति बदलेगा। पोलिटिकल सर्कस तो अब देखने को मिलेगा।*

www.epaper.azadsipahi.in

04 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 44

राजस्थान में अशोक गहलोत ने सीएम पद से इस्तीफा दिया






# भाजपा के नेता, नीति और नीयत की जीत है : बाबूलाल

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में उत्सवी माहौल, ढोल, बाजे पर खूब झूमे नेता-कार्यकर्ता, मनायी होली-दिवाली

### जनता ने मोदी की गारंटी पर विश्वास जताया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष सहित केंद्रीय और प्रदेशों के नेतृत्व को बधाई दी। साथ ही जनता का आभार प्रकट किया। कहा कि तीन राज्यों में भाजपा को स्पष्ट और मजबूत जनादेश ने भारत की राजनीति को नयी दिशा दी। यह भाजपा के नेता, नीति और नीयत की जीत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में जनता का भरोसा दिन प्रतिदिन बढ़ा है। जनता ने मोदी की गारंटी पर विश्वास किया है।

कहा कि यह जीत विकास की राजनीति की जीत है। यह सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की जीत है। महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सनातन की जीत है। उन्होंने कहा कि जनता ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जनादेश दिया है, सनातन विरोधियों को सबक सिखाया है।

### मोदी हैं, तो मुमकिन है : कर्मवीर सिंह

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मोदी हैं, तो मुमकिन है। पार्टी के समर्पित करोड़ों कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों-कार्यक्रमों को जनता के बीच ले जाने में अथक परिश्रम किया। मोदी की गारंटी को जन-जन तक पहुंचाया। जनता ने डबल इंजन की सरकार के लिए भरोसा जताया है। कहा कि जनता ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की दिशा में अपना संदेश दे दिया है।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया

**रांची (आजाद सिपाही)।** मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की विधानसभा में प्रचंड बहुमत के साथ हुई जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। रविवार को जैसे-जैसे रुझान का आंकड़ा जीत में बदलता गया, वैसे-वैसे कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ता गया। दिनभर प्रदेश भाजपा कार्यालय में उत्सवी माहौल रहा। नाचते-गाते पटाखा फोड़ कर धूम-धड़ाके के साथ जीत का जश्न मनाया गया, तो वहीं दूसरी ओर मिठाइयां भी बांटी गयीं। एक साथ होली-दिवाली मनायी गयी। इस मौके पर सांसद दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, रवींद्र राय, गंगोत्री कुजूर, सीपी सिंह, राकेश प्रसाद, रमेश सिंह, सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, हेमंत दास, सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक, प्रेम मित्तल, अशोक बड़ाइक, तारिक इमरान, प्रदीप सिन्हा, प्रतुल शाहदेव, सरोज सिंह, अविनेश सिंह, आरती कुजूर, किसलय तिवारी, अनवर हयात, नीरज पासवान, अजय मारू, उमाशंकर केडिया, सीमा शर्मा, उषा पांडेय, पुनीता राय, सत्यनारायण सिंह,



अरविंद सिंह, सुनील साहू, कृपाशंकर सिंह, संजय जयसवाल, प्रमोद मिश्रा, सांवरमल अग्रवाल, रविनाथ किशोर, अरुण झा, चंद्रप्रकाश, संदीप वर्मा, सुरेश वर्मा, वरुण साहू, बलराम सिंह, ललित ओझा, रमाकांत महतो, रोमित नारायण सिंह, सीमा सिंह, मंजू लता दुबे, सरिता पांडेय, भूपेंद्र सिंह, सूर्या प्रभात, अमिताभ धीरज, अमन जयसवाल, नीतू सिंह, संजय पोद्दार, सतीश सिन्हा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### मोदी की गारंटी पर जनता को विश्वास है : अर्जुन मुंडा



रांची। जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने विधानसभा चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चार राज्यों में से तीन राज्यों में भाजपा की जीत से यह स्पष्ट है कि लोगों ने कांग्रेस को रिजेक्ट कर दिया है। लोगों को मोदी की गारंटी पर विश्वास है और लोग समझ चुके हैं कि कांग्रेस झूठे वादे करती है। पीएम मोदी विकास और गरीब कल्याण में विश्वास रखते हैं। कांग्रेस की गारंटियां फेल हो गयीं।

### मोदी की गारंटी पर जनता को भरोसा: संजय सेठ



रांची। सांसद संजय सेठ ने तीन राज्यों की प्रचंड जीत पर बधाई दी। कहा कि देश की जनता ने मोदी की गारंटी पर विश्वास जताया। जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार जताया है, जिनके नेतृत्व में भाजपा ने तीनों राज्य में प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की। सांसद संजय सेठ ने छत्तीसगढ़ के सूरजपुर संभाग के तीनों विधानसभा के प्रभारी के रूप में काम किया।

### मोदी की गारंटी पर जनता ने जताया भरोसा: महेश पोद्दार



रांची। राज्यसभा के पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने कहा कि भाजपा ही देश और राज्य को विकास के पथ पर ले जाने में सक्षम है। परिणाम से यह भी स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर जनता ने जो भरोसा दिखाया है, भाजपा के कार्यकर्ता होने के नाते हम जनता के प्रति कृतज्ञता का भाव रखते हैं। अब देश राजनीति से ऊपर विकास और प्रधानमंत्री मोदी के साथ चल रहा है।

### जनता ने अटूट विश्वास जताया: प्रदीप वर्मा



रांची। भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने कहा कि परिणाम से स्पष्ट हो गया कि वंचित, गरीब, आदिवासी समेत अन्य समाज के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अटूट विश्वास रखते हैं। यह उन लोगों को करारा जवाब है, जिन लोगों ने तमाम प्रकार के अपमान के शब्द प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बोले। देश की जनता ने उनको मुंहतोड़ जवाब दिया है।

### यह मोदी की गारंटी की जीत है: रमेश सिंह



रांची। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह ने कहा कि शानदार जीत की पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी के कारण हुई है। प्रधानमंत्री जिनका मंत्र था-सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास, यह उसकी जीत है। उनकी दी हुई गारंटी की जीत है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल नेतृत्व की जीत है।

### देश की जनता भाजपा के साथ खड़ी है: जैलेंद्र कुमार



रांची। भाजपा के रांची जिला ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने कहा कि यह जीत जनता की है, जिसने कांग्रेस को नकारते हुए भाजपा को अपनाने का काम किया है। आज जो सफलता मिली है, उसके लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का धन्यवाद करता हूं। जनता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे पीएम मोदी के साथ है।

### पीएम मोदी करोड़ों जनता के हृदय की माला: ललित ओझा



रांची। भाजपा किसान मोर्चा के ललित ओझा ने कहा कि पीएम मोदी करोड़ों जनता के हृदय की माला हैं और देश की जनता के मन में भी बसते हैं। यह विश्वास की जीत है, जो बीजेपी को मिला। जनता ने जो समर्थन दिया, उसके लिए नतमस्तक हूं। यह जीत खास है। इससे यह भी स्पष्ट हुआ कि लोग अब डबल इंजन की सरकार चाहते हैं।

### जनता ने अपने मन की बात बता दी: सुमन मिश्रा



रांची। भाजपा नेत्री सुमन मिश्रा ने कहा कि तीन राज्यों में प्रधानमंत्री मोदी का करिश्मा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की प्लानिंग और कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लायी है। देश की जनता ने इस चुनाव द्वारा अपना मूड व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने जो नीतियां अपनायी थीं, जनता ने उसे अपना समर्थन दिया। इसके लिए जनता का आभार।

### पीएम के कारण भाजपा को प्रचंड बहुमत: कृपाशंकर



रांची। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृपाशंकर सिंह ने कहा इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों और विश्वास को जाता है। उन्हीं के कारण भाजपा को ऐसी प्रचंड जीत मिली है। अब भाजपा के शासन में इन राज्यों का विकास तेजी से होगा। देश की जनता के मन में पीएम नरेंद्र मोदी बसते हैं। इस चुनाव से यह स्पष्ट हो गया है।

### आदिवासी समाज को भाजपा का साथ देने के लिए जोहार: सन्नी



रांची। युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि आदिवासी बहुल छत्तीसगढ़ में भाजपा को बड़ी जीत मिलने से यह स्पष्ट हो गया है कि देश का आदिवासी समाज भाजपा के साथ खड़ा है। परिणाम से स्पष्ट हो गया है कि झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनेगी। आदिवासी समाज को भाजपा का साथ देने के लिए जोहार। साथ ही यह भी स्पष्ट हो गया है कि देश के मन में मोदी हैं।

# पीएम मोदी का जादू, चार जातियां और टाइगर जिंदा है वाली इमेज

## 2024 के लिए विपक्ष याद रखेगा ये सात सबक

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने चार राज्यों के विधानसभा चुनाव को 3-1 के स्कोर से जीत लिया है। इसमें भी खासतौर पर हिंदी पट्टी यानी राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की है। खासतौर पर छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में भाजपा ने चौंकाया है, जहां उसकी हालत कमजोर बतायी जा रही थी। मध्यप्रदेश में उसे लेकर फिफ्टी-फिफ्टी की भविष्यावाणी थी तो वहीं छत्तीसगढ़ में सभी पोल उसकी हार बता रहे थे। लेकिन सभी गलत साबित हुए और भाजपा ने जोरदार तरीके से 54 सीटें हासिल कर ली हैं। यहां 2018 में भाजपा को करारी हार झेलनी पड़ी थी। अब इसके कुछ सबक भी होंगे, जिन्हें कांग्रेस समेत विपक्षी दलों को 2024 में याद रखना होगा।



### पीएम मोदी की फिर बनी टाइगर जिंदा है वाली इमेज

राजस्थान से लेकर तेलंगाना तक पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रचार की कमान संभाली थी। मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने बिना सीएम कैंडिडेट के ही चुनाव लड़ा था। इस तरह पूरा चुनाव पीएम मोदी के नाम पर ही लड़ा गया और अब नतीजे बता रहे हैं कि मोदी की गारंटी पर लोगों को भरोसा है और उनका जलवा कायम है। विपक्ष को 2024 के चुनाव में उतरते हुए यह याद रखा होगा कि पीएम मोदी की इमेज बेहद मजबूत है और उन पर निजी हमले करने से कोई फायदा नहीं होगा बल्कि नुकसान ही होगा।

### भाजपा की चुनावी मशीनरी अब भी सब पर भारी

भाजपा ने मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर केंद्रीय नेताओं को भेजा था। इसके अलावा राज्यों से ताल्लुक रखने वाले केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को चुनाव भी लड़ाया गया। संगठन मंत्री से लेकर दूसरे राज्यों के विधायक तक चुनाव में उतरे थे। इस तरह भाजपा ने चुनावी मशीनरी की अपनी ताकत दिखा दी है। खुद शिवराज सिंह चौहान ने जीत के बाद केंद्र के सभी नेताओं को संगठन मंत्रियों को धन्यवाद दिया।

### मंडल पार्ट-2 और जातीय सर्वे पर भारी मोदी की चार जाति

बिहार में जातीय जनगणना के बाद से ही विपक्ष पूरे देश में इसकी मांग कर रहा है। इसके अलावा आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग कर पिछड़े और दलितों को एकजुट करने की रणनीति बनायी जा रही है। हालांकि पीएम नरेंद्र मोदी ने लगातार चुनाव प्रचार में कहा कि सबसे बड़ी जाति देश में गरीबों की है। इसके अलावा उन्होंने महिलाओं और युवाओं समेत चार जातियों का जिक्र किया था। अब नतीजे बता रहे हैं कि देश में मंडल पार्ट-2 के भरोसे ही विपक्ष जीत नहीं हासिल कर पायेगा। यहां यह तथ्य है कि मध्यप्रदेश में भाजपा ने ओबीसी बहुल 67 सीटों में से 49 पर जीत हासिल की है।

### आदिवासियों के बीच भी मोदी का जलवा कायम

भाजपा ने छत्तीसगढ़ की 29 आदिवासी आरक्षित सीटों में से 18 पर जीत हासिल की है। साफ है कि भाजपा को आदिवासी समाज के लोगों का बड़ा वोट मिला है। यह उसके लिए अन्य राज्यों में भी अच्छा संकेत है। इसके अलावा 2024 के लिए भी भाजपा को उम्मीद बंधाता है। इसे लेकर अब भाजपा झारखंड में भी उत्साहित है।

### मुसलमान कांग्रेस के साथ, पर हर जगह कैसे भुनायेंगे?

तेलंगाना के नतीजे बता रहे हैं कि मुस्लिम वर्ग ने कांग्रेस को समर्थन दिया है। तेलंगाना की मुस्लिम बहुल सीटों पर कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इससे संकेत मिलता है कि कांग्रेस के मजबूत होने पर क्षेत्रीय दलों को छोड़ कर मुस्लिम उसके साथ आ रहे हैं। बीआरएस ने इस बार मुस्लिम बहुल 39 में से 12 सीटों पर ही जीत दर्ज की है। वहीं ओवैसी की पार्टी को भी तीन पर ही जीत मिली है। अब इस समीकरण पर अखिलेश यादव, ममता और तेजस्वी जैसे नेताओं की भी नजर होगी।

# खूब चला भाजपा का 'सांसदों' वाला दांव

## एमपी-छत्तीसगढ़ और राजस्थान में पार्टी ने ऐसे पलटा खेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चार राज्यों के विधानसभा चुनावों की मतगणना के अनुसार मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), जबकि तेलंगाना में कांग्रेस ने जीत हासिल की है। इस चुनाव परिणाम को देखें तो भाजपा की 'सांसदों' वाली रणनीति कारगर साबित होती दिख रही है। दरअसल, भाजपा ने इन राज्यों के विधानसभा चुनाव में कई सांसदों को चुनावी मैदान में उतारा था। पार्टी ने मध्यप्रदेश और राजस्थान में सात-सात और छत्तीसगढ़ में चार मौजूदा सांसदों को टिकट दिया था।

### मध्यप्रदेश में भाजपा ने किन सांसदों को उतारा

मध्यप्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए 17 नवंबर को वोट डाले गये थे। यहां भाजपा का कांग्रेस से सीधा मुकाबला था। राज्य की अहमियत समझते हुए भाजपा ने यहां अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। पार्टी ने सात सांसदों को विधायकी का चुनाव लड़ा कर इस बात का संकेत दे दिया था कि वह इस चुनाव को हल्के में नहीं ले रही। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने विधानसभा सीट दिमनी से चुनाव लड़ा था। वर्तमान में यह सीट कांग्रेस के पास थी। 2018 के चुनाव में रविंद्र तोमर यहां से जीते थे। कांग्रेस ने इस बार भी रविंद्र पर ही दांव खेला था। नरेंद्र तोमर ने जीत हासिल की है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल महाकोशल की सीट नरसिंहपुर से चुनाव मैदान में थे। वर्तमान में यह सीट भाजपा के ही पास है। 2018 के चुनाव में प्रह्लाद पटेल के भाई जालम यहां से चुनाव जीते थे। लेकिन इस बार उनके स्थान पर उनके बड़े भाई प्रह्लाद पटेल को टिकट दिया गया था। आखिरकार उन्होंने 31310 वोटों से कांग्रेस के लखन सिंह पटेल को शिकस्त दी। केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते मंडला की निवास सीट से चुनाव प्रत्याशी थे। ये सीट भी महाकौशल में आती है। कांग्रेस ने सिटिंग एमएलए का टिकट काट कर चैन सिंह को टिकट दिया था। अभी ये सीट कांग्रेस के पास है, जिसे जीतने का दवाब कुलस्ते पर था। भाजपा के उम्मीदवार फग्गन सिंह कुलस्ते कांग्रेस के प्रत्याशी चैन सिंह से 9723 वोटों से हार गये हैं। सांसद उदयराव प्रताप सिंह नरसिंहपुर की गाडरवाड़ा सीट से उम्मीदवार थे। ये सीट भी महाकौशल में आती है। कांग्रेस की सुनीता पटेल उदयराव के सामने थीं। ये सीट अभी कांग्रेस के पास ही थी। हालांकि इस सीट पर भाजपा के प्रत्याशी ने 56529 वोटों से जीत दर्ज कर ली है। सांसद रीती पाठक सीधी सीट से चुनाव लड़ रही थीं। यहां भाजपा के बागी केदार शुक्ल ने इनकी मुश्किलें बढ़ा रखी थीं। कांग्रेस ने यहां से ज्ञान सिंह को उतारा था। यह सीट अभी भाजपा के पास है। रीति यहां 19 हजार से अधिक वोटों से जीती हैं। सांसद गणेश सिंह सतना से प्रत्याशी थे। उनका मुकाबला कांग्रेस के सिद्धार्थ कुशवाहा से था। ये सीट अभी कांग्रेस के पास है। कांग्रेस के उम्मीदवार से भाजपा के गणेश सिंह तीन हजार से अधिक वोटों से हार गये हैं।

### राजस्थान में इन सांसदों पर लगाया था दांव

राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को झोटावाड़ा विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा गया था। इसी तरह दीया कुमारी को विद्याधर नगर, बाबा बालकनाथ को तिजारा, डॉ. किरोड़ी लाल मीणा को सवाई माधोपुर, भागीरथ चौधरी को किशनगढ़, देवजी पटेल को सांचोर और नरेंद्र कुमार खींचड़ को मंडावा सीट से प्रत्याशी बनाया गया था। सांसद राठौड़ को जयपुर की झोटवाड़ा विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया था। राठौड़ जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट से सांसद और कंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री भी हैं। इनका जन्म 29 जनवरी 1970 को जैसलमेर में हुआ था। राठौड़ पूर्व निशानेबाज भी रहे हैं। राज्यवर्धन ने इस सीट पर 50167 मतों से जीत दर्ज की है। दीया कुमारी को विद्याधर नगर सीट से प्रत्याशी बनाया था। ये सीट भी जयपुर जिले में आती है। दीया कुमारी का जन्म जयपुर में हुआ था। वे राजसमंद सीट से सांसद हैं। इससे पहले वे सवाई माधोपुर से विधायक भी रह चुकी हैं। जयपुर की राजकुमारी दीया जयपुर के महाराजा सवाई सिंह और महारानी पद्मिनी देवी की बेटी हैं। 10 सितंबर 2013 को राजनीतिक सफर की शुरुआत करते हुए दीया भाजपा में शामिल हुई थीं। दीया कुमारी ने 71368 वोटों से जीत दर्ज की है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बाबा को तिजारा विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया था। ये राजस्थान के अलवर जिले की सीट है। बालकनाथ वर्तमान में अलवर लोकसभा सीट से सांसद और बाबा मस्त नाथ विश्वविद्यालय के चांसलर भी हैं। वह नाथ संप्रदाय के आठवें प्रमुख महंत हैं। बाबा बालकनाथ का जन्म 16 अप्रैल 1984 को कोहराणा गांव में हुआ था। भाजपा के बाबा बालकनाथ ने कांग्रेस के प्रत्याशी इमरान खान को 6173 मतों से हरा दिया है। राज्यसभा सांसद मीणा को भाजपा ने सवाई माधोपुर सीट से टिकट दिया था। मीणा किसान छवि के नेता हैं, पूर्वी राजस्थान में उनकी पकड़ मजबूत है। इसी का नतीजा है कि उन्हें प्रदेश में 'बाबा' के नाम से भी जाना जाता है। किरोड़ी लाल मीणा भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ कर कई बार विधायक और सांसद बन चुके हैं। एक बार ये भाजपा से अलग होकर पीए संगमा की पार्टी राष्ट्रीय जनता पार्टी (राजपा) में शामिल भी हो गये थे, लेकिन सफलता नहीं मिली। एक बार दौसा से निर्दलीय चुनाव लड़ कर सांसद भी बन चुके हैं। 71 साल के सांसद मीणा का जन्म 3 नवंबर 1951 को दौसा में हुआ था। हालांकि इस विधानसभा सीट पर भी उन्होंने 22510 वोटों से जीत दर्ज की है। भाजपा ने सासंद चौधरी को किशनगढ़ सीट से प्रत्याशी बनाया था। ये विधानसभा सीट अजमेर जिले में आती है। भागीरथ अजमेर लोकसभा सीट से सांसद हैं।



### छत्तीसगढ़ में चार सांसदों की किस्मत दांव पर

छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में चुनाव कराये गये थे। पहले चरण के तहत 20 सीटों पर 7 नवंबर और दूसरे चरण के तहत 70 सीटों पर 17 नवंबर को वोट डाले गये थे। भाजपा ने यहां अपने चार सांसदों को चुनावी मैदान में उतारा था। केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह सरगुजा संसदीय सीट से सांसद हैं। रेणुका सिंह 2003 में विधायक रह चुकी हैं। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद क्षेत्र में उनका जनाधार बढ़ा। वे प्रेम नगर सीट से 2003, 2008 में विधायक भी रह चुकी हैं। गोमती साय रायगढ़ लोकसभा सीट से सांसद हैं। भाजपा के गोमती साय ने कांग्रेस प्रत्याशी रामपुकार सिंह ठाकुर को केवल 255 मतों से शिकस्त दी। अरुण साव बिलासपुर संसदीय सीट से सांसद हैं। साव पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। अरुण साव को लोरमी से चुनाव मैदान में उतारा गया था। बिलासपुर से सांसद होने के कारण साव का प्रभाव कई सीटों पर है, इसलिए उन्हें उम्मीदवार बनाया गया। वे 45 हजार वोटों से जीते हैं। विजय बघेल 2019 में पहली बार लोकसभा के लिए चुने गये। उन्होंने दुर्ग लोकसभा सीट से चुनाव जीता था। इससे पहले वे तीन बार विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। इस बार पार्टी ने उन्हें चाचा और प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने मैदान में उतारा था। विजय अपने चाचा से 19723 वोट से हार गये हैं।

www.epaper.azadsipahi.in

04 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 44

बीजेपी की जीत के बाद दिल्ली में पार्टी के संसदीय बोर्ड की बैठक



# मोदी ही गारंटी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सत्ता का सेमीफाइनल कहे जानेवाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में चार राज्यों के परिणाम रविवार को घोषित कर दिये गये।

यह सेमीफाइनल मुकाबला पूरी तरह एकतरफा रहा, क्योंकि हिंदी पट्टी के तीन राज्यों, मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने रिकॉर्डतोड़ जीत हासिल की, जबकि तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति के हाथों से सत्ता छिन गयी है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने कांग्रेस से सत्ता छीनी है, जबकि मध्यप्रदेश में उसने अपनी सत्ता बचा ली है।

तीन राज्यों में भाजपा की इस शानदार जीत के पीछे पीएम मोदी का चेहरा, उनकी गारंटी और उनके काम को पूरा श्रेय दिया जा रहा है। इस चुनाव परिणाम का लब्बो-लुआब यह रहा कि मध्यप्रदेश को छोड़ हर राज्य में सत्ता परिवर्तन हुआ है। इस परिणाम ने कम से कम छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बारे में कराये गये एग्जिट पोल की विश्वसनीयता को भी संदिग्ध बना दिया है।

## तीन राज्यों में मोदी लहर

| परिणाम | भाजपा | कांग्रेस | अन्य | बहुमत/सीटें |
|---|---|---|---|---|
| मध्यप्रदेश | 164 | 65 | 01 | 116/230 |
| राजस्थान | 115 | 69 | 15 | 100/199 |
| छत्तीसगढ़ | 54 | 35 | 01 | 46/90 |

| तेलंगाना कांग्रेस का | कांग्रेस | बीआरएस | भाजपा | अन्य | सीटें : 119 |
|---|---|---|---|---|---|
| | 64 | 39 | 08 | 08 | बहुमत : 60 |

## मध्यप्रदेश में बहनों ने दिल खोल कर दी आशीष



मध्यप्रदेश में भाजपा ने उन तमाम पूर्वानुमानों को गलत साबित कर दिया है, जिनमें शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्ववाली सरकार के कारण उसकी पराजय का दावा किया जा रहा था। भाजपा एक बार फिर प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी कर चुकी है। चुनाव में भले ही केंद्रीय नेतृत्व ने शिवराज को चेहरा न बनाया हो, बावजूद इसके शिवराज ही केंद्र में नजर आये। 230 विधानसभा सीटों में से 160 सीटों पर उन्होंने ताबड़तोड़ रैलियां और सभाएं कीं। शिवराज सिंह चौहान की लाड़ली बहन योजना चुनाव में गेम चेंजर साबित हुई। इस बंपर जीत के पीछे महिला वोटरों की भूमिका बेहद अहम मानी जा रही है। लाड़ली बहन योजना ने चौहान की राजनीतिक किस्मत बदल कर रख दी है। योजना के तहत मध्यप्रदेश की 1.31 करोड़ महिलाओं को 1250 रुपये हर महीने दिये जा रहे हैं। एमपी की सात करोड़ आबादी में लाड़ली बहना योजना की लाभार्थियों ने शिवराज को भर-भर कर वोट दिया है। महिलाओं और लड़कियों के लिए शिवराज का नाम एक भरोसा था, इस पर उन्होंने यकीन किया।

## छत्तीसगढ़ में भाजपा को मिला आदिवासी समाज का साथ

छत्तीसगढ़ में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के पीछे आदिवासी समाज का प्रचंड समर्थन है। राज्य के 35 फीसदी आदिवासियों ने इस बार एकजुट होकर भाजपा को वोट दिया, जिसके कारण पार्टी ने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में शानदार वापसी की है। छत्तीसगढ़ के बारे में तमाम आकलन धराशायी हो गये। एग्जिट पोल की पोल खुल गयी। सभी बघेल की वापसी कर दावा कर रहे थे, लेकिन हुआ ठीक इसके उलट। भूपेश बघेल और कांग्रेस को यहां मुंह की खानी पड़ी है।

## राजस्थान में सनातनियों ने दिखायी ताकत

राजस्थान में हर पांच साल में सत्ता परिवर्तन का रिवाज हालांकि इस बार भी जारी रहा, लेकिन रजवाड़ों के इस प्रदेश में सनातन विरोध के कारण कांग्रेस की शर्मनाक हार हुई है। राजस्थान में कांग्रेस की हार को सनातन धर्म के विद्रोह का पाप बताया जा रहा है। जिस तरह चुनाव से पहले कांग्रेस टूलकिट के जरिये सनातन धर्म पर हमला कर रही थी, उसे अब उसके किये की सजा मिली है। कन्हैयालाल की हत्या से लेकर शोभायात्राओं पर पथराव और सांप्रदायिक तनावों ने राजस्थान के हिंदुओं को पूरी तरह भाजपा के पाले में कर दिया।

## केवल तेलंगाना में बच सकी कांग्रेस की लाज



देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस की इज्जत केवल तेलंगाना में बच सकी। राज्य की सत्ता में उसने वापसी की है, जबकि के चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति अब विपक्ष में बैठेगी। असदुद्दीन ओवैसी की एआइएमआइएम की स्थिति में भी कोई सुधार नहीं हुआ, जबकि भाजपा ने वहां अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत की है।

## आज मिजोरम का चुनाव परिणाम

**नयी दिल्ली।** मिजोरम में अधिकारियों ने बताया कि राज्य के सभी 13 मतगणना केंद्रों और 40 मतगणना हॉल में सुबह आठ बजे गिनती शुरू होगी। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती की जायेगी, उसके बाद इवीएम में दर्ज वोटों की गिनती की जायेगी। बता दें कि विधानसभा चुनाव के लिए मतदान सात नवंबर को हुआ था। राज्य के 8.57 लाख पात्र मतदाताओं में से 80 फीसदी से अधिक ने मतदान किया है।

### भाजपा मुख्यालय में प्रधानमंत्री मोदी बोले

# इस जीत ने 2024 की हैट्रिक की गारंटी दी

**कहा मेरे लिए नारी, युवा, किसान, गरीब ही जातियां**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत के बाद दिल्ली में पार्टी हेडक्वार्टर पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कुछ लोग तो कह रहे हैं कि आज की इस हैट्रिक ने 2024 की हैट्रिक की गारंटी दे दी है। इस चुनाव में देश को जातियों में बांटने की बहुत कोशिशें हुईं। मैं लगातार कह रहा था कि मेरे लिए देश में चार जातियां ही सबसे बड़ी जातियां हैं। ये हैं हमारी नारी शक्ति, युवा शक्ति, किसान और हमारे गरीब परिवार। इन चार जातियों को सशक्त करने से देश सशक्त होनेवाला है। आज भी मेरे मन में यही भाव है। मैं अपने माताओं-बहनों और बेटियों के सामने अपने युवा साथियों, किसान भाइयों के सामने, गरीब भाइयों के सामने नतमस्तक हूं।

**युवाओं के लिए :** चुनाव परिणाम पर हर फर्स्ट टाइम वोटर कह रहा है कि मेरा पहला वोट मेरी जीत का कारण बना है। भविष्य का सपना देखनेवाला युवा अपनी जीत देख रहा है। चुनाव नतीजों ने एक और बात स्पष्ट की है कि देश की युवा पीढ़ी सिर्फ विकास चाहती है। जहां की सरकारों ने युवाओं के खिलाफ काम किया है, वे सरकारें सत्ता से बाहर हुई हैं।

**महिलाओं के लिए :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम से देश की बेटियों-बहनों के मन में एक नया विश्वास जागा है। यह विश्वास जगा है कि भाजपा की सरकार में उन्हें एक नयी बुलंदी मिलनेवाली है। इस चुनाव में देश की बहन-बेटियों ने भाजपा की विजय की जिम्मेदारी उठा ली थी। आज मैं उनसे बहुत विनम्रता से कहूंगा कि बीजेपी ने जो आपसे वादे किये हैं, वह शत-प्रतिशत पूरे किये जायेंगे और यह मोदी की गारंटी है और मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी।

**आदिवासियों के लिए :** देश का आदिवासी समाज विकास का आकांक्षी है। उसे भरोसा है कि इस आकांक्षा को भाजपा ही पूरा कर सकती है। इस समाज के प्रति मेरी जिम्मेदारी और बढ़ गयी है।

## मोदी की गारंटी पर विश्वास : मरांडी



रांची (आजाद सिपाही)। जनता ने मोदी की गारंटी पर विश्वास किया है। यह जीत विकास की राजनीति की जीत है। यह सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की जीत है। महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सनातन की जीत है।

**OXFORD PUBLIC SCHOOL**
Old H.B. Road, Pragati Path, Ranchi-834011
REGISTRATION FOR ADMISSION IN CLASS XI (SESSION: 2024-25)
Science | Commerce | Humanities
Eligibility:
- Students appearing in Class X Board Exam 2024 from any Board.
- Provisional admission in Class XI will be done on the basis of OPS Entrance Test (date will be announced later).
- Admission and scholarships will be granted on the basis of performance in Class X Board Result 2024.
- To apply & for more details, visit: www.oxfordpublicschool.net.in.
- For any queries, write to us at: info@oxfordpublicschool.net.in or call on: 7485096731 / 7461944744

Academic Director




## तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष को बुके देने पर डीजीपी सस्पेंड



**हैदराबाद (आजाद सिपाही)।** चुनाव आयोग ने तेलंगाना के डीजीपी अंजनी कुमार को सस्पेंड कर दिया है। अंजनी कुमार पर आदर्श आचार संहिता के नियमों के उल्लंघन का दोषी माना। दरअसल, सुबह रुझानों में कांग्रेस को बढ़त मिलने के बाद डीजीपी अंजनी कुमार कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी से मिलने उनके घर पहुंच गये, तब रेवंत रेड्डी कहीं से चुनाव भी नहीं जीते थे।













वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.6 °c | 16.3 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.15 बजे |



# नीला नाग-मुकेश ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को चाइबासा नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन सह आइसीसी सदस्य नीला नाग और कांग्रेस के नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। श्री मरांडी ने पार्टी का पटका पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सतीश पुरी, वरिष्ठ नेता जेबी तुबिद सहित अन्य उपस्थित थे।

## बाबूलाल ने दी अलबर्ट एक्का को श्रद्धांजलि

**रांची।** अलबर्ट एक्का के शहादत दिवस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि अदम्य साहस, शौर्य और वीरता के प्रतीक, परमवीर चक्र से सम्मानित, झारखंड के वीर सपूत लांसनायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन।

# अल्बर्ट एक्का और डॉ राजेंद्र प्रसाद को दी गयी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की शहादत दिवस और प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर रविवार को याद किया गया। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि अल्बर्ट एक्का ने अपनी जान गंवा कर झारखंड का नाम इतिहास में अमर कर दिया। कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे ने कहा कि लांसनायक की गौरवगाथा देश के युवाओं को राष्ट्र सेवा, सम्मान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने की प्रेरणा देती रहेगी। इस मौके पर विनय सिन्हा दीपू, उपायुक्त राहुल सिन्हा, एसएसपी चंदन सिन्हा, सिटी एसपी राज कुमार मेहता, एडीएम राजेश्वर नाथ आलोक, एडीसी समेत अन्य ने भी अल्बर्ट एक्का चौक और राजेंद्र चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## राज्यपाल ने डॉ राजेंद्र प्रसाद-अल्बर्ट एक्का को याद किया

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को परमवीर चक्र विजेता शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने अल्बर्ट एक्का चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर, राज्यपाल ने प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर राजभवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं दूसरी ओर राज्यपाल डोरंडा स्थित राजेंद्र चौक पहुंचे। वहां उन्होंने डॉ राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## चुनाव परिणाम : अनगड़ा और सिकिदिरी में मिठाई बांटी

# भाजपाइयों ने मनाया जश्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** तीन बड़े राज्य मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रचंड जीत पर रविवार को गोंदली पोखर में भाजपाइयों ने अबीर-गुलाल लगाकर मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए उत्साह का दिन है। कार्यकर्ताओं के अपार बल, कठोर परिश्रम तथा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व को तीन राज्यों की जनता ने सरकार बनाने का ऐतिहासिक अवसर प्रदान किया है। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, सुचिता सिंह, माधुरी देवी, रेखा देवी मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, राजू प्रमाणिक, सुनील महतो, धनीराम महतो, राजेंद्र महतो आदि शामिल थे। इधर, सिकिदिरी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजयुमो जमशेदपुर महानगर जिला प्रभारी सह सांसद प्रतिनिधि सुजीत कुमार के नेतृत्व में अबीर गुलाल व मिठाई बांटकर हर्ष प्रकट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल महामंत्री सत्यपाल राउत ने किया मौके पर रमण कुमार, संजय सिंह, गुड्डू सिंह, संदीप कुमार वर्मा, सौरभ कार्की, विकास चौधरी, अजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

## जनता ने कांग्रेस के मुद्दों को नकारा : चंद्रप्रकाश



रांची। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने भाजपा को बहुमत मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि तीनों राज्य की जनता ने सूझबूझ से सही निर्णय सुना दिया है और इसका असर आने वाले समय में देश भर में दिखेगा। जनता ने कांग्रेस के मुद्दे को पूरी तरह नकार दिया है। एक तरह से जनता ने कांग्रेस की सोच को पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम ने तथाकथित इंडिया गठबंधन की गांठ को जहां खोल कर रख दिया है, वहीं इसे ठुकरा दिया है।

## गैर एनडीए दलों के होश उड़ गये : डॉ लंबोदर



रांची। गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने भाजपा को मिली बड़ी जीत पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से चुनाव परिणाम आया, उससे गैर एनडीए दलों के होश उड़ गये हैं। कांग्रेस की तीन राज्य की जनता ने एक नहीं सुनी। कांग्रेस पर से लोगों का भरोसा और विश्वास पूरी तरह से उठ गया है।

## एससी-एसटी वोटरों ने भी दिया साथ: उपेंद्र



रांची। चुनाव परिणाम में भाजपा के तीन राज्यों में मिली स्पस्ट बहुमत पर अनुसूचित जाति समन्वय समिति के केंद्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुमार रजक ने कहा कि हिंदुतव और प्रधानमंत्री की गारंटी का खूब साथ एससी-एसटी वोटरों ने भी दिया। कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार को लोग जान गये हैं। इन राज्यों के परिणाम लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत की गारंटी है।

## मोदी सरकार पर भरोसा कायम : बाउरी



रांची। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने गिरिडीह में कहा कि चुनाव ने मोदी सरकार के मैजिक को देश की जनता ने सिर आंखों पर लिया और यह भी स्पष्ट कर दिया कि अब देश मोदी सरकार के स्वागत के लिए बाहें फैलाये खड़ी है, क्योंकि कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों के झूठे वादे और दावों को जनता जान चुकी है। ऐसे में 2024 का चुनाव देश की जनता ने मोदी सरकार के नाम कर दिया है। कहा कि राज्य को लूटने वाले हेमंत सरकार को अब समझ आ चुका है कि उनका क्या हश्र होने वाला है। ऐसे में आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम हेमंत सरकार का राज्य की जनता को बहलाने का सिर्फ एक आइवाश है, इससे अधिक कुछ नहीं। क्योंकि जो आवेदन आते हैं, वह जब नालियों में फेंके जाते हैं, तो जनता की परेशानियों का क्या समाधान होना है।

## कुशल नेतृत्व के कारण मिली जीत: कमलेश



रांची। एनसीपी विधायक कमलेश सिंह ने तीन राज्यों की जीत पर एनडीए के केंद्रीय और झारखंड के नेताओं को बधाई दी। विधायक श्री सिंह ने कहा कि यह जीत पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के कुशल नेतृत्व का परिणाम है। विधायक कमलेश सिंह ने कहा कि जनता जागरूक हो गयी है। जनता ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताने के साथ-साथ उनके वादे पर भी भरोसा जताया है।

## लोकसभा में प्रचंड बहुमत की गारंटी: राजेंद्र



रांची। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर तीनों राज्यों की जनता ने मुहर लगा दी है। मोदी-शाह की रणनीति और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल नेतृत्व का परिणाम है कि प्रचंड बहुमत के साथ तीनों राज्यों में भाजपा की सरकार बन रही है।

# नेतरहाट विद्यालय में राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर विचार गोष्ठी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय मुख्य भवन परिसर में प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद को याद किया गया। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान समेत अन्य ने अर्पित की। रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष सह सम्मेलन प्रभारी रवि प्रकाश सिंह ने डॉ प्रसाद के छात्रोपयोगी दर्शन सादा जीवन-उच्च विचार की व्याख्या के साथ किया। इसके बाद प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान, रवि रंजन, राधा कुमारी, दिवाकर मिश्रा, छात्र प्रभारी चिरंजीवी शाश्वत, आनंद ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। विचार गोष्ठी में डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवन और उपलब्धियां पर विस्तार से चर्चा की गयी। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉक्टर प्रसाद पासवान ने प्रथम राष्ट्रपति के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान, उनकी शैक्षणिक उपलब्धियां पर प्रकाश डाला।

# सरकार ने कर्मियों को बुढ़ापे का सहारा दिया: महुआ

**एनएमओएस-जेएचएआरओटीइएफ का अधिवेशन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एनएमओएस-जेएचएआरओटीइएफ के जिला अधिवेशन सह सांगठनिक पुनर्गठन थियोलॉजिकल गोस्सनर कॉलेज में किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार ने कर्मचारियों को उनके बुढ़ापे का सहारा देने का काम किया है।

हमारा यह प्रयास है कि आगामी सत्र में सदन में एनएसडीएल से पैसा वापसी के लिए आवाज बुलंद करूंगी। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि सभी पदाधिकारी-कर्मचारियों का रिटायरमेंट उम्र 62 वर्ष, महिलाओं के लिए चाइल्ड केयर लीव दो वर्ष करने के लिए सरकार के समक्ष मांग रखूंगी। संरक्षक सफदर इमाम ने अल्पसंख्यक स्कूल के शिक्षकों को भी पुरानी पेंशन के लिए जल्द कार्रवाई करने पर बल दिया। प्रांतीय कोषाध्यक्ष नितिन कुमार, प्रवक्ता डॉ सुनील कश्यप, संगठन सचिव सुनील नायक, आनंद कुमार साहू ने एकजुटता बनाये रखने का आह्वान किया।

**नवचयनित जिला कमेटी**
- अध्यक्ष-मो कयामुद्दीन
- सचिव- डॉ आदित्य साहू
- कोषाध्यक्ष-तपेश्वर महतो
- संरक्षक-सुनील सिन्हा
- संरक्षक-सफदर इमाम
- अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ-मनीषा एक्का
- सचिव महिला प्रकोष्ठ- रेणु तिर्की
- उपाध्यक्ष-शंकर लकड़ा
- उपाध्यक्ष-अनूप कुमार
- उपाध्यक्ष-इमामुल हक
- प्रवक्ता-इंद्रजीत बैठा
- संयुक्त सचिव-भूपेंद्र कुमार

# साइंस प्वाइंट में स्कॉलरशिप 'प्रयास 2024' का आयोजन

**10 दिसंबर को होनेवाली परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शिक्षा जहां व्यवसाय का रूप धारण कर रहा हो वहीं साइंस प्वाइंट संस्थान के डायरेक्टर फैयाज सर अलख जगा रहे हैं। अपने संस्थान में मेधावी छात्रों को सौ फीसदी तक का स्कॉलरशिप दे कर मिसाल कायम कर रहे हैं। रांची के डंगरा टोली स्थित साइंस प्वाइंट में रविवार को प्रयास 2024 स्कॉलरशिप का आयोजन संत अन्ना इंटरमीडिएट कालेज में हुआ। फैयाज सर ने बताया कि इस टेस्ट में 11 वीं के बच्चों को 12 में स्कॉलरशिप दी जायेगी। ताकी पैसे के अभाव कोई भी विद्यार्थी शिक्षा से वंचित न रह जाये और सही समय पर कोर्स के शुरू हो जाये। सही समय पर बोर्ड एग्जाम के समय से पहले कोर्स पूरी तक कंपलीट हो जाता है। इससे बच्चों का रिजल्ट बहुत अच्छा होता है। साइंस प्वाइंट रिजल्ट देने के लिए जाना जाता है। प्रत्येक साल यहां के बच्चे झारखंड टॉपर और स्कूल टॉपर बनते हैं। इसका परिणाम है कि हर साल यहां के बच्चे अपना परचम लहराते हैं। प्रयास 2024 में कुल 1274 बच्चों ने स्कॉलरशिप में भाग लिया है। जो विद्यार्थी इस टेस्ट से वंचित हो गये हैं उनके लिए एक और मौका है। 10 दिसंबर को होने वाले परीक्षा के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। स्कॉलरशिप प्रयास 2024 का सफल आयोजन में संस्थान के चेयरमैन डॉ एस अख्तर, शिक्षक संदीप सर, अविनेश सर, जितेंद्र सर, काशिफ सर, शादाब सर, नवीन सर,शकील सर, आदिल सर सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहा।

# सिल्क्यारा सुरंग बचाव अभियान में कोल इंडिया टीम की रही भागीदारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएमडी, सीएमपीडीआइ मनोज कुमार के द्वारा रविवार को अनिल कुमार राणा, वरिष्ठ सलाहकार (खनन) को सिल्क्यारा बचाव कार्य में भाग लेने के बाद सीएमपीडीआइ, रांची आगमन पर सम्मानित किया गया।

सिल्क्यारा सुरंग की छत गिरने की त्रासदी 12 नवंबर को हुई। सबसे पहले, सुरंग स्थल पर उपलब्ध संसाधनों से मलबे को हटाने का प्रयास किया गया लेकिन मलबे का बड़ा ढेर अपने आप में बहुत बड़ी बाधा साबित हुआ। ऐसी आपदाओं से निपटने में कोल इंडिया लिमिटेड के ज्ञान और बचाव कार्यों में उनके अनुभव को ध्यान में रखते हुए, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा कोयला मंत्रालय के माध्यम से एक टीम का अनुरोध किया गया था। एके राणा, वरिष्ठ सलाहकार (खनन), पूर्व निदेशक (तकनीकी), सीएमपीडीआइ के नेतृत्व में डब्ल्यूसीएल से दिनेश बिसेन, जीएम, बचाव और एम विष्णु उप प्रबंधक (खनन) की तीन अधिकारियों की एक टीम को 21 नवंबर, 2023 को सुरंग स्थल भेजा गया।

## राजेंद्र-सुदेश को मिला झारखंड रत्न, बधाई दी



**रांची (आजाद सिपाही)।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद को झारखंड आंदोलनकारी के लिए झारखंड रत्न से दिल्ली में सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू को भी झारखंड रत्न मिला। इस पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने ट्वीट कर बधाई दी। पद्मश्री मुकुल नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी, डॉ केके नाग, क्षितीश कुमार राय, शिक्षाविद् डॉ रामप्रसाद, झारखंड फेमस कॉमर्स के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू आदि ने भी बधाई दी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### पारस अस्पताल में चित्रकला प्रतियोगिता




रांची (आजाद सिपाही)। पारस अस्पताल में रविवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रांची के विभिन्न स्कूलों के 500 से भी ज्यादा बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ और फिजियोथेरपिस्ट के बीच हेल्थ टॉक भी हुआ। चित्रकला प्रतियोगिता के ग्रुप अ में प्रथम-द्वितीय स्थान पानेवाले दोनों बच्चे बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल के रहे। पांचवीं कक्षा की सुभ्रोनील सबोरधि प्रथम और पांचवीं कक्षा की ही शरण्या चक्रवर्ती द्वितीय स्थान प्राप्त की। तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से कैरलि स्कूल की चौथी कक्षा की छात्रा शिवंशिको भार्गवी और परनजीत रहे। ग्रुप इ में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की छठी कक्षा की छात्रा इंदु शर्मा ने प्रथम स्थान पाया। डीएवी पब्लिक स्कूल की सातवीं कक्षा की छात्रा अदिति मिंज ने द्वितीय स्थान हासिल किया। तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से प्रभात तारा स्कूल की 8वीं की छात्रा ज्योति मार्डी और कैरलि स्कूल की आठवीं की छात्रा अन्वेषा मजूमदार रही। ग्रुप सी में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की नौवीं की छात्रा पलक कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संत अलोइस स्कूल का आठवीं का छात्र आयुष कुमार सोनी ने द्वितीय स्थान पाया। तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से कैरलि स्कूल के अर्णव गुप्ता और केंद्रीय विद्यालय की छात्रा सुहानी सिंह रही। पारस अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस अस्पताल पिछले तीन वर्षों से लगातार इस तरह का आयोजन करता आ रहा है। इस आयोजन का मुख्य मकसद बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ कौशिक रॉय, मुख्य नर्सिंग पदाधिकारी नीलवानी, डॉ राजीव रंजन, डॉ प्रीतम, सुपर्णा दत्ता, कुमार यशवंत उपस्थित थे।

### शारदा ग्लोबल स्कूल में टीचर्स ट्रेनिंग



रांची (आजाद सिपाही)। शारदा ग्लोबल में स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस विषय पर दो दिवसीय सीबीपी टीचर्स ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य स्कूल जाने वाले बच्चों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जागरुकता पैदा करना रहा। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन खुशी राम झा और अर्पणा सिंह थे। इसमें शारदा ग्लोबल स्कूल और सरला बिरला स्कूल के करीब 62 टीचर्स उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्या जसमीत कौर और एसटीएनसी जूही पांडेय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

**अल्बर्ट कंपाउंड की टीम ने पत्थलकुदवा को 3-1 से हराया**

रांची। फादर कांसटेंट लीवंस इंटर टोला सद्भावना फुटबॉल मैच का फाइनल अल्बर्ट कंपाउंड और पत्थलकुदवा के बीच लोयला मैदान में रविवार खेला गया। इसमें अल्बर्ट कंपाउंड की टीम ने टाइ ब्रेकर से पत्थलकुदवा को 3-1 से हरा कर जीत हासिल की। तीसरे स्थान के लिए वर्दवान कंपाउंड और ढुमसाटोली के बीच खेले गये मैच में ढुमसाटोली 2-0 से जीता। आज के मुख्य अतिथि धीरसेन सोरेंग थे। रांची पल्ली के मुख्य पुरोहित फादर आनंद डेविड खलखो भी उपस्थित थे। सफल आयोजन में सुनील लकड़ा, अजय टोप्पो, फादर दीपक, जूलियन, जॉन, सूचित, मधु, अनिमा, सुनील खलखो, जोसेफ तिग्गा, लुइस, प्रशांत, मंजीत, अश्विन, सन्नी, निशांत, अनमोल आदि उपस्थित थे।

### डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनायी



रांची (आजाद सिपाही)। राजद प्रदेश कार्यालय में प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की 139वीं जयंती मनायी गयी। राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम में इरफान अंसारी, अंजल किशोर सिंह, धर्मेंद्र महतो, शालीग्राम पांडेय, गायत्री देवी, अजय कुमार, विवेक कुमार, कमलेश कुमार, यशवंत यादव, मोहम्मद मोइज, चंचल कुमार, सदानंद यादव, रितेश यादव, भोला यादव, विशाल कुमार, हरिनंद प्रसाद, विकास कुमार मौर्य उपस्थित हुए।

### जन सेवा मंच का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना : निशांत




रांची (आजाद सिपाही)। जनसेवा मंच के माध्यम से घर-घर जा कर ऑफलाइन फॉर्म भरा कर, ऐसे मध्यम परिवार जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनको प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत लाभुक परिवारों को एचपी गैस के माध्यम से नि:शुल्क गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। मौके पर मंच के सदस्य अमित अग्रवाल उपस्थित रहे।

### श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का चित्र और विवरण पत्रक का लोकार्पण

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी के हरमू रोड स्थित विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत कार्यालय में रविवार को श्रीराम जन्मभूमि के मंदिर का चित्र और विवरण पत्रक का लोकार्पण हुआ। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से समस्त सनातनियों के घर-घर में दी जाने वाली श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का चित्र, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर विवरण पत्रक और विश्व के रामभक्तों के लिए निवेदन पत्र का लोकार्पण किया गया। प्रांत मंत्री डॉ बीरेंद्र साहू ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से कहा गया है कि 22 जनवरी को श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह को श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर भूतल के गर्भगृह में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। कार्यक्रम में विहिप के क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल, गंगा प्रसाद यादव, सुभाष नेत्रगवांकर, देवी सिंह, मनोज पोद्दार, रंगनाथ महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

# प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने जश्न मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता


ओरमांझी

**ओरमांझी।** मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, और राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने अप्रत्याशित जीत हासिल की है। जीत की खुशी में ओरमांझी मंडल द्वारा जीत का जश्न मनाया गया। शास्त्री चौक दड़दाग में कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े, मिठाइयां बांटी, एक दुसरे को गुलाल लगाकर बधाईयां दी। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित भारतीय जनता पार्टी प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र शाही, मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, ओबीसी मोर्चा कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता, महामंत्री अलखनाथ महतो, आशीष साहू, बालक पाहन, बालक पाहन, लक्ष्मण साहू, राजधाम साहू, सिकंदर महतो, शशि भूषण साहू, सुनील महतो, जंगल महतो, मीडिया प्रभारी राजेंद्र चौधरी, नीलमोहन पाहन, शशि मेहता आनंद महतो, रामवृक्ष महतो, भीम मुंडा, अरविंद महतो, सुरेश साहू, रामचरण साहू, जय किशोर महतो, निर्मल महतो, नेवालाल महतो, उज्जवल ठाकुर, रोशन पाहन, रोपण मुंडा, छोटन पाहन, अमित राज, दिलेश्वर साहू, संदीप उरांव, नवीन कुमार साहू, चानु महतो,बीरेंद्र साहू, विक्रांत तिवारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।


कांके


नामकुम


पिस्कानगड़ी

## भाजपाइयों ने मनाया जश्न

**पिस्कानगड़ी।** तीन प्रदेशो के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर भारतीय जनता पार्टी नगड़ी मंडल के कार्यकर्त्ताओं ने मंडल अध्यक्ष राकेश केशरी के नेतृत्व में आतिशबाजी के बिच जूलूस निकाल कर और मिठाई बांटकर जश्न मनाया और अपने केन्द्रीय नेतृत्व को बधाई दी। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशि भूषण भगत जिला महामंत्री प्रितम साहु मंडल प्रवासी सुधाकर चौबे केदार महतो दौलत राम केशरी, चूड़ामणि महतो विंध्याचल महतो, मनीष कुमार केशरी, प्रभात महतो अरविंद केशरी जयकिशन महतो अनिल गोप नंदकिशोर महतो जय प्रकाश साहु भोला केसरी, बलवंत तिर्की विनोद केशरी विकास उरांव दीपक केशरी विनोद साहु, महावीर महतो सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा की जीत पर खुशी मनायी गयी

**कांके।** अरसंडे ब्लॉक स्थित सांसद समाधान केंद्र कार्यालय (कांके विधानसभा) में भाजपा काँके मंडल के उपाध्यक्ष सुकेश नारायण तिवारी के नेतृत्व में तीन राज्यों के चुनाव में मिली प्रचंड बहुमत पर भाजपा कार्यकर्त्ताओं के साथ जश्न मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से भाजयुमों कांके मंडल के उपाध्यक्ष सुचित सिंह, समाजसेवी रुपेश नारायण तिवारी, शेखर उपाध्याय, संजय झा, प्रेम कुमार, दीपक कुमार, प्रिंस तिवारी, कृष तिवारी, सोनू राय, सुमित रॉय, प्रतियूष तिवारी, वैभव तिवारी, आरुष कुमार, शुर्या कुमार आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## भाजपा की प्रचंड जीत के बाद मंडल में मिठाई बांट कर जतायी खुशी

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** तीन राज्यों में हुये विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिले बहुमत के बाद भाजपा खिजरी और टाटीसिलवे मंडल के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। इस दौरान खिजरी मंडल में खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह और टाटीसिलवे मंडल में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो के नेतृत्व में देर शाम कार्यकर्ताओं ने मिठाई वितरित की और आतिशबाजी चलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर अशोक नायक, प्रज्ञा भारती, विजेंद्र राय, अखिलेश यादव, रामाधार सिंह, जयंती देवी, मनोज सिंह, सुबोध सिंह टनटन, गोपाल चौधरी, गिरिधर मिश्रा, रविंद्र, नीरज कुमार, राजेश मिश्र, सिदाम सिंह मुंडा, कार्तिक, आलोक वर्मा, अजित कुमार दुबे एवं स्थानीय लोगों के साथ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

# विधायक ने बाउंड्री का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददता

**नामकुम।** प्रखंड के हुवांगहातु पंचायत के उलातू गांव के उत्क्रमित उच्च विद्यालय प्रांगण में तीन कमरा और 91 मीटर चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ। रविवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने शिलापट्ट का अनावरण कर इसकी शुरूआत की। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर ऊंचा होने से देश का भी विकास होगा। शिक्षण संस्थानों के विकास को लेकर प्रयास किया जा रहा है। विद्यालय में चहारदीवारी होने से शिक्षा के मंदिर की भी सुरक्षा होगी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, जिप सदस्य रीता होरो, प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, माधो कच्छप, कल्याण लिंडा, हुवांगहातु मुखिया विवेक मुंडा, हरिहर मुंडा, कृष्णा मुंडा, गुरुसहाय मुंडा, सुखलाल मुंडा, सोमरा लोहरा, सुग्रीव मुंडा, महावीर नाग, एतवा संडिल, हरीश मुंडा, दयानंद मुंडा, धनंजय मुंडा, करण, संतोष बड़ाईक, खुदिया, विनोद लोहरा, पंचू तिर्की दिनेश चंद्र प्रमाणिक के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।



## आजसू पार्टी की जिला समिति की बैठक आयोजित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाइबीएन यूनिवर्सिटी राजाउलातू सभागार में रविवार को आजसू पार्टी रांची जिला समिति की बैठक रांची जिला अध्यक्ष संजय कुमार महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो उपस्थित हुये। मंच संचालन वीणा देवी ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के द्वारा रांची जिला के 18 प्रखंड के प्रत्येक पंचायत प्रभारीयों द्वारा सुपुर्द की गये सूची पत्र की समीक्षा की गयी। उन्होंने पंचायत प्रभारीयों को निर्देश देते हुये कहा कि सभी पंचायत प्रभारी अपने-अपने पंचायत में ग्राम कमिटी बनाकर समीक्षा बैठक कराने तथा पार्टी संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया। इधर, नामकुम प्रखंड के कार्य वाहक अध्यक्ष रतन लाल सिंह होंडा एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष अनिता देवी को बनाया गया। बैठक में मुख्य रुप से आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, वीरेंद्र सिंह भोगता, हसन अंसारी, राजेंद्र महतो, बीरेंद्र निर्मला भगत, रामजी यादव, सुनील सिंह, राजेंद्र शाही मुंडा, प्रकाश लकड़ा, पारसनाथ उरांव, जितेंद्र सिंह, काशीनाथ महतो, रामधन बेदिया, सरिता देवी, अनीता देवी, पार्वती देवी, वीणा चौधरी, रौशन लाल मुंडा, जलनाथ चौधरी, प्रकाश चौधरी, आदिल अजीम, रंजीत गंझू, रीता रंजनी कुजूर, दिगंबर महतो, जगरनाथ महतो, धमेंद्र, उमेश, बीरबल बैठा, आतिश, राजू नायक, कुदरत अंसारी, राजू, बीरेंद्र के साथ सैकड़ों जिला के पदाधिकारी शामिल हुए।

## अवैध बालू के साथ तीन ट्रैक्टर जब्त

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चान्हो पुलिस ने अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर को जप्त कर लिया है। उक्त तीनों ट्रेक्टर में नम्बर पलेट भी नहीं लगा हुवा था तीनों ट्रेक्टर स्थानीय नदी से बालू उठाकर अवैध रूप से कालाबाजारी के लिए ले जा रही थी गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी रंजय कुमार ने मध्य रात्रि 12:00 के करीब बीजूपड़ा खलारी मार्ग चोरिया मोड़ के समीप तीनों ट्रैक्टर को पकड़ा अवैध बालू के विरुद्ध पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। बालू कालाबाजारी के लिए रांची ले जाया जा रहा था पुलिस खनन अधिनियम के तहत कार्यवाही करेगी।

## बेड़ो में दो दिनों से जलापूर्ति ठप

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में पिछले दो दिनों से जलापूर्ति ठप हो गया है। बेड़ो के लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। पानी नहीं मिलने से लोग काफी परेशान हैं। लोगों का कहना है कि नियमित रूप से सप्लाई का पानी कभी नहीं मिल पाता है। ग्रामीणों ने कहा कि विभाग के उदासीन रवैये के कारण मुख्यालय के दर्जनों घरों में दो दिनों से पानी नहीं मिल रहा है। पानी के लिए लोगों को काफी परेशानी उठाना पड़ रहा है। सुबह से ही लोग पानी की जुगाड़ में डिब्बा व बाल्टी लेकर भटकते रहे। पेयजल के आपूर्ति के अभाव में लोगों को पानी खरीद कर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। पेयजल की परेशानी बेड़ो वासियों के दिनचर्या में शामिल हो गयी है। जलापूर्ति की आस में लोग सुबह उठते जरूर हैं, मगर इंतजार के बाद विभाग को कोसते नहीं थकते हैं। कभी दो दिन तो कभी तीन दिन के बाद जलापूर्ति बंद हो जाती है। वहीं लोग पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। जबकि ग्रामीण अंचलों में घर-घर जल पहुंचाने की सरकार महत्वाकांक्षी योजना चल रही है। फिर भी ग्रामीणों के हलक सूखे हुए हैं। इधर इस संदर्भ में विभागीय जेई विजय मिंज ने कहा की मेन पाइप लाइन क्रेक कर गया है।

# चैंपियंस ट्रॉफी: सेल बोकारो को हरा कर हेहल स्पोर्टिंग क्वार्टर फाइनल में

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** सेल बोकारो को हरा कर हेहल स्पोर्टिंग रांची की टीम 18वीं चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टूर्नामिंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी। रविवार को गेतलसूद स्कूल मैदान में खेले गये बेहद रोमांचक मुकाबले में हेहल ने सेल बोकारो का पेनाल्टी शूटआउट में चार-तीन से हराया। हेहल की तरफ से खेल रहे देवा सिंह ने 25वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। 62वें मिनट में बोकारो की ओर से एन नागर ने शानदार गोल कर टीम को बराबरी पर ला दिया। पेनाल्टी शूट आउट में हेहल ने बाजी मार ली। हेहल टीम के आशीष उरांव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पूर्व राज्यस्तरीय फुटबॉल खिलाड़ी सज्जाद खान, विशिष्ट अतिथि ओरमांझी के जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा ने प्रदान किया।

### इनकी रही मौजूदगी

अध्यक्ष राजेंद्र शाही मुंडा, सीइओ जैलेंद्र कुमार, वीरेंद्र सिंह भोक्ता, गोविंद महतो, श्रवण चौधरी, राजू नायक, मो फरीद, उमेश गोप, राजेश पाहन, प्रकाश यादव, संजय नायक, उपमुखिया शंकर बैठा, राजन महतो, राजेश लोहरा, सौरव कुमार, गौरीशंकर मुंडा, जीतेंद्र उरांव, अजय उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

# विज्ञान और कला प्रदर्शनी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में विज्ञान और कला प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने पाठ्यक्रम के सभी विषयों जैसे विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी और कंप्यूटर सहित आर्ट एवं क्राफ्ट विषयों से संबंधित विभिन्न मॉडलों का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पशुपालन और कृषि विज्ञान के निर्देशक अभिनव मिश्रा, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् विकास कुमार सिंह, डॉ0 रूपक, सुरजीत कुमार सिंह (जैक सदस्य) डॉ अजय कुमार राज, डॉ दीपिका पूर्णिमा रेड्डी, डॉ पंकज राज ने प्रदर्शिनी का उद्घाटन किया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने मानव हृदय, परमाणु मॉडल, विद्युत परिपथ, चंद्रयान, ज्वालामुखी, सौरमंडल के गृह, सौर ऊर्जा, प्रदूषण तथा कहानियों पर आधारित मॉडल तैयार किए थे। विद्यालय के निर्देशक डॉक्टर पंकज राज ने प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए कहा कि वैज्ञानिक सोच अभिरुचि और जागरूकता को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान होता है इससे छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी विकास होता है।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता की सड़क दुर्घटना में मौत, शोक की लहर



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेड़वारी गांव निवासी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता रिझना करमाली की मौत रविवार की सुबह गोंदलीपोखर पेट्रोल पंप के पास हुई एक सड़क हादसे मे हो गई। बताया गया कि रिझना करमाली रविवार की अहले सुबह मोर्निंग वाक के लिए निकले थे। इसी दौरान पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात बाइक नें उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वे नए सड़क निर्माण के लिए खोदे गए गढे में सिर के बल जा गिरे जहां सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से अस्पताल ले जाने के क्रम में बीच रास्ते में हीं उनकी मौत हो गयी। मृतक अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके आकस्मिक निधन पर विधायक राजेश कच्छप, प्रमुख दीपा उरांव, उपप्रमुख जयपाल हजाम, प्रदेश प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी, शोक संवेदना प्रकट की है

# हमारा प्रयास सामाजिक न्याय और विकास : सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिठोरिया।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुप्रीमो सुदेश महतो के उपस्थिति में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने योगेंद्र उरांव के नेतृत्व में आजसू पार्टी का दामन थामा आज के इस कार्यक्रम में आजसू पार्टी का दामन थामने वाले राडहा पंचायत से पुसु बेदिया, बंधन उरांव कारीडोंगरी बलवापानी से बेनी लोहार, बबलू राम विशेश्वर उरांव ग्राम पतगाई से राजू क्रेरकेटा, अनिल उरांव गागी पंचायत से राजेंद्र उरांव पिठौरिया अंबाटोली से वासुदेव गांझू बैजू गोप, विक्रम लोहार पिठोरिया कॉलोनी बस्ती से कृष्णा नायक, राजा नायक कोकदोरो से रंजीत राज, रामनायक, कालीचरण महली इचापिडी से कार्तिक उरांव अनुज कुमार उलातू से गोविंद करमाली बुडमू से सोमनाथ गंजू, नंदू गंझू पिठौरिया से उर्मिला देवी मगन लोहार चेडी से बिरसा उरांव, आशीष उरांव सुकुरहुटू गाड़ी से प्रदीप मुंडा खटंगा से विक्रम लोहार इन सबों ने आजसू की विचारधारा और सुदेश महतो के विचारधाराओं से प्रभावित होकर सैकड़ो की संख्या में आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो जी ने अपने भाषण में बताया की झारखंड में विकास की ऐसी असीम संभावनाएं हैं जिसे हम आज तक भी पूरा नहीं कर पाए हैं जो विकास की शुरूआत बड़े शहरों में होती है वह आज हमारे गांव तक पहुंचते पहुंचते 70 साल लग जाते हैं। क्यों नहीं बड़े विश्वविद्यालय, मुख्यालय, प्रशासनिक भवन सुदूर गांव में बनाए जाते हैं। आज भी दिल्ली जैसे शहरों में मेरे झारखंड को लेबर स्टेट के रूप में देखा जाता है वहां के लोगों को हमारे यहां से घर में काम करने वाली एक काम वाली चाहिए, घर में काम करने के लिए एक माली चाहिए। क्या यही दृश्य हमेशा बनी रहे इस सोच को तोड़ना है और झारखंड के घर-घर में विकास की ज्योत जलानी है और विकास की जननी आज के समय में राजनीति ही है। इसलिए हर गांव मोहल्ले से 18 साल 20 साल के नौजवानों और नवयुवतियों को आगे आना होगा जिसकी शुरूआत यहां से हो गयी है। कार्यक्रम में मौजूद केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी,केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता, केंद्रीय सदस्य रूपलाल महतो, केंद्रीय जिला अध्यक्ष संजय महतो, जिप सदस्य आदिल अजीम, सबों नए सदस्यता ग्रहण करने वाले पार्टी के नए सदस्यों का गर्म जोशी के साथ अभिवादन किया और अभिनंदन करते हुए पार्टी में स्वागत किया। अंत में कांके प्रखंड के अध्यक्ष अमन सहदेव ने सबों का आभार प्रकट करते हुए विशेष कर योगेंद्र उरांव का जिनकी अगुवाई में सैकड़ो की संख्या में सदस्यों ने आज पार्टी का दामन थामा है उनको धन्यवाद दिया और कार्यक्रम का समापन किया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### एक शाम दिव्यांग के नाम संस्कृति सह सम्मान समारोह



**रांची (आजाद सिपाही)।** विश्व दिव्यांग दिवस की पूर्व संध्या पर एक शाम दिव्यांगजनों के नाम संस्कृति सह सम्मान समारोह आरसीएच में हुआ। संस्था के अध्यक्ष जीतेंद्र सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का मकसद है कि दिव्यांगों को एक सही प्लेटफॉर्म और उनकी जरूरत को पूरा करना। उनकी कला को निखारना है। झारखंड दिव्यांग स्पोर्ट्स एंड वेलफेयर एकेडमी रांची, विकलांग राहत सेवा संस्था के द्वारा कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सहयोग से कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम समय-समय पर होते रहना चाहिए। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, अल्पसंख्यक आयोग के डिप्टी चेयरमैन शमशेर आलम, पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव मौजूद थे। कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगों को समाज और संस्कृति से जोड़ना है। मौके पर किन्नर समाज के लोगों को भी सम्मानित किया गया। आफताब आलम, अर्चित आनंद, सरफे आलम, जग्गू, जाहिद, मुकेश समेत कई लोग मौजूद थे।

### साहिल ने जीता फ्लड लाइट टेनिस का खिताब



**रांची (आजाद सिपाही)।** बंगाल टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में 57वां फ्लड लाइट टेनिस टूर्नामेंट 2023 के पुरुष वर्ग का खिताब झारखंड के टेनिस खिलाड़ी साहिल अमीन ने जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में साहिल ने बंगाल के आनंद कोचर को सीधे सेटों में 6-0 और 6-0 से हरा कर चैंपियनशिप अपने नाम कर लिया। जोरदार खेल दिखाते हुए साहिल ने सेमीफाइनल में बंगाल के ही शाकीर उज जमां खान को हरा कर फाइनल में प्रवेश लिया था। यह खिताब जीतने वाले साहिल झारखंड के एक मात्र टेनिस खिलाड़ी हैं। तीसरी बार इस टूर्नामेंट में खेल रहे साहिल ने धमाकेदार खेल से सबको प्रभावित किया। इससे पूर्व भी दो बार इस टूर्नामेंट में साहिल ने खिताब अपने नाम किया है।

### हेल्थ चेकअप कैंप में नि:शुल्क जांच-दवा का वितरण



**रांची (आजाद सिपाही)।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जन्मतिथि पर झारखंड चित्रांश विचार मंच और हरमू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की ओरसे नामकुम में नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ राजेंद्र प्रसाद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देकर की गयी। कैंप में 200 से भी अधिक लोगों ने शामिल होकर स्वास्थ्य जांच कराया। कैंप में गाइनोकॉलोजिस्ट, फिजिशियन, चाइल्ड स्पेशलिस्ट, फिजिओथेरेपी, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की नि:शुल्क जांच कर दवाई दी गयी। हरमू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ सुभाष तेतरवे और डॉ तुषार के नेतृत्व में 10 डॉक्टर और 15 सहायकों की उपस्थिति में कैंप संचालित किया गया। राजकिशोर राय और विश्वनाथ राय का विशेष सहयोग रहा। चित्रांश विचार मंच की ओर से संरक्षक सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश और अमरेश श्रीवास्तव, अध्यक्ष प्रमोद सिन्हा, सचिव राजीव सहाय, सदस्य साकेत शरण, संजय अखौरी, अशोक प्रसाद के अलावा अन्य कई सदस्य शामिल थे।

### भारत को जानो प्रतियोगिता में वाइबीएन स्कूल धुर्वा फर्स्ट




**रांची (आजाद सिपाही)।** भारत विकास परिषद के दक्षिण झारखंड प्रांत का प्रांतस्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन मनन विद्या मनराखन महतो स्कूल में किया गया। इसका उद्घाटन बीआइटी मेसरा के इलेक्ट्रॉनिक एंड टेलीकम्युनिकेशन डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष प्रो डॉ संदीप सिंह सोलंकी ने किया। प्रांतीय अध्यक्ष जीएन सिंह, जीपी सिंह ने भारत विकास परिषद के कार्यों पर प्रकाश डाला। इस प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में 17 टीमों ने भाग लिया। वरीय वर्ग में प्रथम पुरस्कार वाइबीएन स्कूल धुर्वा, द्वितीय पुरस्कार राजकीयकृत उच्च विद्यालय लेस्लीगंज, मेदिनीनगर और तृतीय पुरस्कार डीएवी स्कूलए गुमला के छात्रों ने प्राप्त किया। कनीय वर्ग में भी प्रथम पुरस्कार वाइबीएन स्कूल धुर्वा, द्वितीय पुरस्कार ब्रिजफोर्ड स्कूल तुपुदाना और तृतीय पुरस्कार डीएवी स्कूल गुमला के छात्रों ने प्राप्त किया।

# धरती की फिक्र

पृथ्वी की पर्यावरण चिंताओं पर विचार और समस्याओं के समाधान के लिए दुबई में आयोजित कॉप-28 इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि ग्लोबल वॉर्मिंग का असर हमारे जीवन पर साफ-साफ दिखने लगा है। 2021 में हुए पेरिस समझौते में दुनिया का तापमान जिस 1.5 डिग्री सेल्सियस पर ही रोकने की बात की गयी थी, इस साल 38 से भी अधिक दिन ऐसे रहे हैं, जिनमें तापमान औसत से डेढ़ डिग्री ज्यादा रहा था। महासागर तेजी से गर्म हो रहे हैं। अल नीनो की वजह से इस साल उनका भी तापमान सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। धरती का रेफ्रिजरेटर माने जाने वाले अंटार्कटिका से इस साल साढ़े सत्रह लाख वर्ग किलोमीटर बर्फ गल गयी है। पिछले हफ्ते अंटार्कटिका में 4 हजार स्क्वेयर किलोमीटर से भी बड़ा हिमखंड टूट गया। कहीं बाढ़, कहीं सूखा तो कहीं बेमौसम बरसात के चलते 2023 को दुनिया भर के मौसम वैज्ञानिक एक ऐसा वर्ष मान रहे हैं, जहां से पृथ्वी का पर्यावरण एक अज्ञात क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है। जाहिर है कि कॉप-28 में सिर्फ जुबानी जमाखर्च से काम नहीं चलने वाला, जैसा कि अभी इसमें शामिल 198 देश और उनके नुमाइंदे करते आये हैं। कॉप की बैठकें भले ही अच्छे भविष्य की रूपरेखा बनाने के लिए आयोजित होती रही हों, लेकिन एक पेरिस समझौते को छोड़ दें तो अभी तक इसमें काबिल-ए-जिक्र बहुत काम नहीं हो पाया है। न तो विकसित देश अपना कार्बन उत्सर्जन तेजी से कम कर रहे हैं और ना ही ग्रीन एनर्जी में प्रगति जिक्र करने लायक है। इसीलिए कॉप-28 में पिछली सारी बैठकों में हुए वादों, इरादों और उन पर हुए काम का लेखा-जोखा किया गया। पिछले साल इजिप्ट में हुए कॉप-27 में मौसम से होने वाले नुकसान से निपटने के लिए फंड बनाने पर सहमति बनी थी, जो अभी तक लगभग खाली ही है। कॉप-28 में यह साफ हो गया कि विकसित देश क्लाइमेट चेंज की चुनौतियों से निपटने को लेकर कितने गंभीर हैं। निष्कर्ष निकला कि दुनिया को क्लाइमेट चेंज की चुनौती को गंभीरता से लेना होगा और इसके दुष्प्रभाव को कम करने के लिए कदम उठाने होंगे। अभी तक अपने स्वार्थ की वजह से दुनिया के कई देश इस दिशा में तेजी से कदम नहीं उठाते, खासतौर पर अमीर देश। दरअसल, नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने के लिए ग्रीन एनर्जी में भारी-भरकम निवेश करना होगा और प्रदूषण फैलाने वाले ईंधनों का इस्तेमाल घटाना होगा। लेकिन इससे कुछ समय के लिए आर्थिक ग्रोथ में कमी आ सकती है। इस वजह से भी एक हिचक कई देशों में दिखती है, लेकिन समझना होगा कि ऐसा करके वे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य खराब कर रहे हैं।

**2021 में हुए पेरिस समझौते में दुनिया का तापमान जिस 1.5 डिग्री सेल्सियस पर ही रोकने की बात की गयी थी, इस साल 38 से भी अधिक दिन ऐसे रहे हैं, जिनमें तापमान औसत से डेढ़ डिग्री ज्यादा रहा था।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**हाल ही में डीपफेक के शिकार बने कलाकार चर्चा का केंद्र रहे। वैश्विक स्तर पर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा तथा मेटा के मुखिया मार्क जुकरबर्ग जैसी नामचीन हस्तियां भी एआइ अय्यारी का निशाना बनने से नहीं बच पायीं। साधारण शब्दों में, डीपफेक एआइ की सहायता से तैयार किया गया कंटेंट है, जिसमें ऑडियो-वीडियो दोनों ही शामिल होते हैं। तस्वीर अथवा वीडियो में मौजूद व्यक्ति के चेहरे पर अन्य चेहरा लगा कर, एआइ की मदद से उसके बॉडी मूवमेंट, हाव-भाव इस प्रकार बदल दिये जाते हैं कि देखने पर यह बिल्कुल असली लगती है।**


# निजता पर भारी आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस

दीपिका अरोड़ा

आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस (एआइ) जिसे कृत्रिम मेधा भी कहते हैं, को तकनीकी क्रांति की सर्वोत्तम उपलब्धि माना जा रहा है। इसके आगमन ने न केवल इंटरनेट यूजर्स का कार्य अत्यंत सरल बना दिया है, अपितु स्वास्थ्य, पत्रकारिता, फिल्म उद्योग, शिक्षा आदि विविध क्षेत्रों में भी यह बहुपयोगी सिद्ध हो रही है। बोलने में असमर्थ व्यक्ति के विचार डीपफेक के माध्यम से आवाज पा सकते हैं, इसे आधुनिक तकनीक का ही करिश्मा कहेंगे। शिक्षा क्षेत्र में जटिल समझे जाने वाले विषयों को रोचक स्वरूप प्रदान करना डीपफेक के लिए मानो बायें हाथ का खेल है। विज्ञापन के क्षेत्र में तो इससे जुड़ी अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

जैसे कि हर तस्वीर के दो पहलू होते हैं, विकसित भविष्य के लिए वरदान बनता डीपफेक अपने नकारात्मक रूप में बहुरूपिया बन कर लोगों की निजता से खिलवाड़ कर रहा है। हाल ही में डीपफेक के शिकार बने कलाकार चर्चा का केंद्र रहे। वैश्विक स्तर पर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा तथा मेटा के मुखिया मार्क जुकरबर्ग जैसी नामचीन हस्तियां भी एआइ अय्यारी का निशाना बनने से नहीं बच पायीं। साधारण शब्दों में, डीपफेक एआइ की सहायता से तैयार किया गया कंटेंट है, जिसमें ऑडियो-वीडियो दोनों ही शामिल होते हैं। तस्वीर अथवा वीडियो में मौजूद व्यक्ति के चेहरे पर अन्य चेहरा लगा कर, एआइ की मदद से उसके बॉडी मूवमेंट, हाव-भाव इस प्रकार बदल दिये जाते हैं कि देखने पर यह बिल्कुल असली लगती है। केवल सजग एवं प्रशिक्षित आंखें ही इसकी वास्तविकता भांप पाती हैं। एक तरह के डीपफेक कंटेंट में असली आवाज की कॉपी करके, अलग-अलग तरह के स्कैम अंजाम दिये जाते हैं।

**इलैक्ट्रानिक रिकॉर्ड की जालसाजी के अंतर्गत आने के कारण डीपफेक पर आइपीसी की धारा 463 से 471 लागू की जा सकती है।**



**सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी) नियम, 2021 के तहत, गलत सूचना प्रसारित होने से रोकना ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का कानूनी दायित्व है। नियमानुसार, यूजर्स अथवा सरकार से रिपोर्ट प्राप्त होने पर 36 घंटे के भीतर संबंधित कंटेंट को हटाना अनिवार्य है। ऐसा न होने पर शिकायतकर्ता कंपनी के विरुद्ध कोर्ट में मुकद्दमा दर्ज करवा सकता है।**

प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में प्रसारित होने वाले डीपफेक वीडियो न केवल व्यक्ति विशेष की छवि धूमिल करने का पर्याय बनते हैं, अपितु कंटेट के नाम पर अक्सर ऐसी सामग्री भी परोसते रहते हैं, जो समाज में अनैतिकता फैलाने अथवा धार्मिक-सांप्रदायिक आग भड़काने का कार्य करे।

दलगत भावनाओं के चलते राजनीतिक दुष्प्रचार करना आम बात है। सहज सॉफ्टवेयर उपलब्धता के कारण डीपफेक मोबाइल तक अपनी बढ़त बना चुका है। साइबर अपराधियों को पकड़ना कठिन है, इसी बात का वे अनुचित लाभ उठाते हैं। वर्ष 2022 में 66' साइबर सुरक्षा पेशेवरों ने डीपफेक हमलों का सामना किया, डीपफेक धोखाधड़ी से विश्व भर की कंपनियों को 4.8 डॉलर की क्षति उठानी पड़ी। शोधकर्ताओं के अनुसार, मौजूदा दशक के अंत तक 90' कंटेंट सिंथैटिक विधि से तैयार किए जा सकते हैं। मशीन लर्निंग एवं एआइ आगामी वर्षों में इतने परिपक्व होने की संभावना है कि फॉरेंसिक साइंस की मदद के बिना सच-झूठ को भेदना दुष्कर होगा।

खास अथवा आम, किसी भी व्यक्ति की निजता से छेड़छाड़ कानूनन अवैध है।

सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी) नियम, 2021 के तहत, गलत सूचना प्रसारित होने से रोकना ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का कानूनी दायित्व है। नियमानुसार, यूजर्स अथवा सरकार से रिपोर्ट प्राप्त होने पर 36 घंटे के भीतर संबंधित कंटेंट को हटाना अनिवार्य है। ऐसा न होने पर शिकायतकर्ता कंपनी के विरुद्ध कोर्ट में मुकद्दमा दर्ज करवा सकता है। यूनीक फीचर्स प्रयुक्त करके डीपफेक बनाना आइटी एक्ट की धारा 66-सी तथा ऑनलाइन चैटिंग में इसका प्रयोग करना धारा 66-डी के अंतर्गत आपराधिक श्रेणी में आते हैं। इलैक्ट्रानिक रिकॉर्ड की जालसाजी के अंतर्गत आने के कारण डीपफेक पर आइपीसी की धारा 463 से 471 लागू की जा सकती है।

फर्जी ऑडियो-वीडियो सोशल मीडिया पर अपना वर्चस्व बना पाने में कामयाब हो पाते हैं, क्योंकि इन पर रोक लगाने संबंधी अभी तक न तो कोई संतोषप्रद कानून मौजूद है और न ही सोशल प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाले कंटेंट की निगरानी एवं जांच के लिए कोई जवाबदेह नियामक संस्था ही। हाल ही में स्वयं प्रधानमंत्री महोदय द्वारा चिंता जताने के उपरांत जल्द ही मौजूदा कानून संशोधित होने अथवा कठोर कानून लागू होने की संभावनाएं बनी तो हैं। तकनीकी विकास का उद्देश्य हमेशा मानव जीवन को बेहतर बनाना ही रहा है। कृत्रिम मेधा प्रत्येक प्रकार से इस विकासक्रम में अद्भुत सिद्ध हो सकती हैं, बशर्ते न तो वह मानवता पर हावी होने पाये और न ही किसी भी रूप में उसका दुरुपयोग संभव हो।

## जमशेदपुर की खबरें

### प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व, सही दिशा और स्पष्ट नीति का परिणाम है

# तीन राज्यों में भाजपा की जीत: काले

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** देश के चार राज्यों के चुनाव परिणामों में मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत मिलने पर झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा समेत पार्टी के समस्त कार्यकताओं व देश की जनता को बधाई और शुभकामनाएं दी। श्री काले ने कहा नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, सही दिशा व स्पष्ट नीति का ही परिणाम है। देश की जनता ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी के प्रति भरोसा जताया है। श्री काले ने कहा इस जीत का श्रेह पूरी तरह से कार्यकताओं की लगन,कड़ी मेहनत व प्रधानमंत्री के नेतृत्व को जाता है। इससे स्पष्ट होता है 2024 के चुनाव में देश की जनता भारतीय जनता पार्टी को भरोसा करते हुए पुनः एक बार फिर नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनायेगी।



# खसमहल में झामुमो की बैठक, संगठन के मजबूती के लिए दिया गया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति पूर्वी सिंहभूम के निर्देश पर खसमहल स्थित कुंडू भवन में झामुमो जमशेदपुर प्रखंड समिति के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। रविवार को प्रखंड अध्यक्ष बहादुर किस्कू के नेतृत्व में बैठक के दौरान मुख्य अतिथि जिला पर्यवेक्षक समिति के सदस्य डोमन चंद मांझी, झामुमो युवा नेता बाबू मांझी, झामुमो पूर्व जिला सचिव लालटू महतो व झामुमो के वरिष्ठ नेता देवजीत मुखर्जी उपस्थित हुए। बैठक का संचालन पप्पू उपाध्याय व जकता सोरेन, धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड उपाध्यक्ष मोहम्मद अली अख्तर ने किया। बैठक में महीला नेत्री नीता सरकार, पूर्व जिला उपाध्यक्ष निजाम, प्रखंड सचिव पलटन मुर्मू, प्रखंड कोषाध्यक्ष मनोज, प्रखंड उपाध्यक्ष पप्पु, पंचायत स्तर के सभी नेतागण मौजूद रहे।

# पेयजल और स्वच्छता विभाग के खाली पड़े क्वार्टरों का हो रहा दुरुपयोग, विभाग मौन

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला जिले के आदित्यपुर स्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के खाली पड़े क्वार्टरों में कब्जा जमाकर लोग रह रहे। साथ ही विभाग से सेवानिवृत्त हो चुके लोग खाली पड़े जमीनों का खुलेआम अतिक्रमण कर अवैध निर्माण करने में जुटे है। उधर कई वार पुलिस कॉलोनी में कार्रवाई करते हुए ड्रग पैडलर और अपराधकर्मी को गिरफ्तार भी किया है। इतना ही नहीं असामाजिक तत्वों के द्वारा विभाग के गोदाम में चोरी की घटना को भी अंजाम दिया गया। उसके बावजूद विभागीय अधिकारियों ने इस मामले में गंभीरता नहीं दिखा रहे। नतीजा यहां के खाली पड़े मकानों में कब्जा हो रही है। इस संदर्भ में पेयजल विभाग के जेईई रबिन्द्र नाथ पुराण से बातचीत के दौरान कहा अवैध रूप से क्वार्टर को कब्जा किए जाने वाले लोगों को क्वार्टर खाली करने की सूचना दे दी गयी है। लेकिन उनके द्वारा क्वार्टर खाली नहीं किया जा रहा है। वहीं कुछ अधिकारी ऐसे भी हैं जिन्होंने ने अपना अपना पल्ला झाड़ते हुए दूसरे अधिकारी के ऊपर सौंप रहे हैं। हालांकि इस संबंध में जिले के डीसी से भी शिकायत की गयी है।

# तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर मनाया गया जश्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** देश के तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा की जीत पर सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में सोनारी अटल चौक से मौनी बाबा मंदिर रुपनगर चौक तक पटाखे फोड़ते हुए लड्डू वितरण करते हुए पथयात्रा की। मौके पर सुनील सिंह, रीता सिंह, विरेंद्र प्रताप सिंह पुरण वर्मा, सुदीप चौधरी अभिजित दत्ता, कृष्णा यादव, शुशील हेसा, राजपाल सिंह, शंकर सिंह, ओपी सिंह, भरत भुषण, मुन्ना सिंह, अमरेश सिंह, भोला सिंह, रमेश प्रसाद साहू, डॉक्टर दिपक घोष, विजय कुमार, गणेश मलहोत्रा, संजय रजक, सतेंद्र सिंह यादव, महिला नेत्री सीमा देवी, ज्योति देवी, स्वीटी देवी, मान बाई,जय प्रकाश प्रसाद, काजल मुखर्जी, धर्मेन्द्र ठाकुर, भोला गोराई, संतोष गोराई, पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता और भाजपा समर्थक विजय जुलूस में शामिल रहे।

# श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्रजी के 136वें जन्मोत्सव में विधायक ने दीक्षा ग्रहण की

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के परसुडीह हलुदवनी रोड सिद्धू कानून चौक के पास मंदिर में श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी के 136वा जन्म उत्सव का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित जन्म उत्सव में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी सहित हजारों हजार की संख्या में गुरुभाई व माताओं ने शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ने श्री श्री ठाकुर जी के चरणों में प्रणाम कर जुगसलाई विधानसभा सहित पूरे राज्य में जनता के लिए उज्जल भविष्य की कामना की। मौके पर रित्तिक अपथीव राय चक्रबर्ती व अन्य गुरुभाईओ ने श्रीश्री ठाकुर जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए विधायक मंगल कालिंदी को विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर श्रीश्री ठाकुर जी के गुरु दीक्षा लेने के लिए विधायक के अपने दिल में इच्छा शक्ति जाहिर की। विधायक ने मौके पर ही श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी के दीक्षा ग्रहण की। इस अवसर पर मातृ सम्मेलन के दौरान विधायक मंगल कालिंदी में कहा श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी के जन्म जयंती पर मुझे संजोग से दीक्षा लेने का मौका मिला। उनके आदर्श बानी को जनता के बीच लाकर व उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर लोगो का सेवा करने का काम करेंगे। विधायक ने कहा श्रीश्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी के विचारधारा को अनुसरण कर उनके कर्तब्य का पालन करते हुए जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में विकास का कार्य को तेजी आगे बढ़ाएंगे। जरूरतमंद लोगों तक मदद पहुंचाने का काम करेंगे। इस अवसर पर दीक्षा लेने के बाद विधायक ने सैकड़ो गुरुमाओं को जयगुरु बोलकर प्रणाम किया।

# विकास कार्य देख बौखला गया है विपक्ष : मंगल कालिंदी

**झामुमो विधायक के विकास कार्य देख सीधे जुड़ रही जनता, विधायक की लोकप्रियता से घबराने लगे विपक्ष : जिला परिषद पूर्णिमा मलिक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** परसुडीह शीतला चौक के समीप झारखंड मुक्ति मोर्चा का मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रविवार को मिलन समारोह में मुख्य अथिति विधायक मंगल कालिंदी, जिला परिषद पूर्णिमा मलिक शामिल हुए। मौके पर विधायक ने हजारों कार्यकताओं के संग सिद्धू कानू के प्रतिमा पर मालार्पण किया। उसके बाद ढोल नगाड़ा के साथ पैदल परसुरई बाजार का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचे। जहा कार्यकताओं ने हर्ष उल्लास के साथ विधायक व जिला परिषद सहित अन्य झामुमो नेताओं का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर काफी संख्या महिला व पुरुषों झामुमो का दामन थामा। इस अवसर पर पूर्णिमा मलिक ने महिलाओ में हुंकार भरते हुए कहा क्षेत्र की जनता विधायक मंगल कालिंदी के विकास कार्य को देख विधायक के लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। पहली बार ऐसा विधायक मिला जिन्होंने लोगों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ा रहते है। जिसके कारण आज उनसे प्रभावित होकर लोग झामुमो का दामन थाम रहे। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी के प्रति आभार जताये। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र की जनता से मिल रहे प्यार व स्नेह देख विपक्ष घबरा गए हैं। विधायक ने कहा बोड़ाम में डिग्री कॉलेज, स्टेडियम,उप स्वास्थ्य केंद्र बन रही हैं। पार्कों का निर्माण हो रहा है। सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। यह सब जुगसलाई की जनता के आशीर्वाद से ही संभव है। उन्होंने कहा जनता के सेवक के रूप में जुगसलाई विधानसभा का विकास करना ही एक मात्र लक्ष्य है। उन्होंने कहा 10 साल तक आजसू पार्टी ने जुगसलाई विधान सभा मे कुछ नही किया। बोड़ाम प्रखंड के आजसू नेता भी झामुमो में शामिल हो गए। विधायक ने कहा आजसू के जिलाध्यक्ष कहते है विधायक हवाई चप्पल पहन कर गरीब विधायक बनते है। लेकिन उसे मालूम नहीं है यह गरीब विधायक मंगल कालिंदी नही बोल रहे यह देश के प्रमुख्य टीवी चैनल ने सर्वे कर बोल रहा है। आजसू पार्टी दो करोड़ो का फेल्ट खरीद ने की बात कह रही है जिला अध्यक्ष पहले जांच कर उसके बाद बोले तो खुसी होगा। विधायक ने कहा मंगल कालिंदी रोड में खड़ा होकर चुनाव नहीं जीता है। लगातार 16 साल जनता का सेवा किया। उन्होंने कहा बीते दिनों इस ही मैदान में आजसू पार्टी के सभा मे 100 लोग नही जुटे लेकिन जिला पार्षद पूर्णिमा मल्लिक व माणिक मल्लिक के नेतृत में हजारों माता बहनो के साथ पुरुषो का महा जुटान देखने को मिल रही है।

पार्टी में शामिल होने वाले में हेमा दास, मंजु दास, डोली कलिंदी, सोनाली पात्रो, पार्वती राव, लिपि मंडल, ममता स्वर्णकार, सुखी स्वर्णकार, संध्या महतो, सोनिया कलिंदी, राकेश दास, सुमित सिंह, दिनू सिंह, पिंटू पात्रो, नंदन स्वर्णकार, अंकुश सिंह, आकाश कुमार, अंकित श्रीवास्तव, राजा, विजय कुमार, सुब्रोतो मित्रा, किशन शर्मा, आदित्य दुबे, ब्लू स्वर्णकार सहित अन्य शामिल है।

## तीन राज्यों में बंपर जीत पर खूंटी में भाजपाइयों ने मनाया जश्न, निकला विजय जुलूस

# देशवासियों को प्रधानमंत्री मोदी पर अटूट विश्वास: नीलकंठ मुंडा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** लोकसभा चुनाव से पहले पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में से तीन मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में भाजपा की बंपर जीत की खुशी में भाजपाइयों ने रविवार की शाम खूंटी में जमकर जश्न मनाया। रुझानों में जैसे ही तीनों राज्यों में भाजपा जीत की ओर अग्रसर होती रही, वैसे ही शहर में कार्यकर्ता और समर्थक आतिशबाजी कर खुशी मनाने लगे। शाम चार बजे शहर के प्रमुख नेताजी चौक में बाजे-गाजे के साथ जुलूस निकाल कर जश्न मनाया। विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि पार्टी की इस जीत से यह स्पष्ट हो गया कि देश की जनता में प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अटूट विश्वास है। उन्होंने इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री के साथ ही गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को दिया। इस मौके पर सांसद के जिला प्रतिनिधि मनोज कुमार, विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, ज्योतिष भगत, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, अनूप साहू, जयप्रकाश भाला, विनोद नाग, संजय साहू, लव चौधरी, कृष्णानंद तिवारी, रूपेश जायसवाल, योगेंद्र नायक, राजकुमार गुप्ता, जितेंद्र कश्यप, सुरेश जायसवाल, कंचन सिंह, संजय भगत, छोटराय मुंडा, भीम सिंह मुंडा, विजय घोष (पंचू), राजकुमार लहकार, निखिल कंडुलना, दामोदर प्रसाद, राजू गुप्ता, संजीव चौरसिया, चंदर राम, जोनिका गुड़िया, रुक्मिला सारू, लक्ष्मी बाखला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व व कल्याणकारी योजनाओं के कारण मिली जीत: कोचे मुंडा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत पर तोरपा में रविवार की शाम को ब्लॉक गेट के सामने कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर जश्न मनाया। विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत प्रधाननमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल नेतृत्व और भाजपा द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का परिणाम है। कहा कि तीन राज्यों के चुनाव परिणाम ने साबित कर दिया कि भाजपा के निकट भी कोई नहीं है। विधायक ने कहा कि तीन राज्यों का चुनाव परिणाम 2024 में होनेवाले लोकसभा चुनाव का ट्रेलर है। आनेवाले समय में पूरे देश से कांग्रेस साफ हो जायेगी। मौके पर संतोष जयसवाल, पुरेंद्र मांझी, धर्मेंद्र कुमार, भगीरथ राय, नीरज जयसवाल आदि मौजूद थे।

## झारखंड बन गया है लूट-खसोट का अड्डा : विधायक सुदेश महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** कुशवाहा भवन में आजसू का रविवार को मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर क्षेत्र के विभिन्न पार्टियों के सैकड़ों लोगों ने आजसू का दामन थामा। पार्टी सुप्रीमो व विधायक सुदेश महतो ने सभी को फूलमाला व पट्टा पहनकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार झारखंड के लोगों को नौकरी का आश्वासन देती है लेकिन नई नौकरी का सृजन नहीं करती। सिर्फ झारखंड को लूट खसोट का अड्डा बना दिया है। आने वाले चुनाव में आजसू भारी बहुमत से विजय होगी बुंडू पांच परगना का मुख्य बाजार इसलिए बुंडू तमाड़ को सजाने संवारने का काम करेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू के रांची जिला उपाध्यक्ष राज किशोर कुशवाहा ने किया। वहीं फुदनी देवी, बुधनी देवी, मिलौनी देवी, पिंकी दास, सुमित्रा देवी, यशोदा देवी, रोशन खातून, रेखा देवी, इंद्राणी देवी, हेमंत सिंह, सलमान हैदर, नेहरू महतो, रफ्तार सोहन महतो, सेवा महतो आदि सैकड़ो लोगों ने आजसू का दामन थामा। इस मौके पर डॉ देवशरण भगत, बुंडू जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी सांडिल्य, गोवर्धन मछुआ, विजय सिंह मानकी, हरिहर महतो, भयभंजन महतो, राधिका देवी और सुनीता देवी आदि उपस्थित थीं।

## तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर खलारी व पिपरवार में मनाया गया जीत का जश्न





आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार/खलारी।** राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में मिली भाजपा की प्रचंड जीत पर पार्टी के पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बचरा नंबर चौक पर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि तीन राज्यों में मिली जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही उन आदिवासियों की जीत है, जिन्होंने प्रचंड बहुमत से राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश में भाजपा के पक्ष में पतदान किया। इस जीत से यह भी स्पष्ट कर दिया कि 2024 में तीसरी बार भी केंद्र में भाजपा की ही सरकार होगी और नरेंद्र मोदी फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। यही नहीं झारखंड में भी डबल इंजन की ही सरकार बनेगी। झारखंड राज्य में बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व ने नया सुशासन लागू होगा। इस मौके पर टंडवा प्रमुख रीना कुमारी, महामंत्री राधा देवी, पूजा देवी, सांसद प्रतिनिधि अजय सिंह, अश्विनी दराद, विजय लाल, रामप्रसाद महतो, उदय शर्मा, अजय रजक, मुकेंद्र पासवान, फलींद्र भोगता, मुकेश राणा, लक्ष्मण मंडल, नंद किशोर कुमार, रामबच्चन यादव आदि थे।

### खलारी में एक साथ मनी होली-दिवाली

तीन राज्यों में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर खलारी में भी खूब जश्न मना। भाजपा खलारी मंडल के नेता, कार्यकर्ताओं ने अबीर-गुलाल लगाकर और आतिशबाजी कर होली-दिवाली एक साथ मनायी। आम लोगों के बीच लड्डू बांटा। खलारी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि इतनी बड़ी जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लोगों के विश्वास और भरोसे की देन है। मंडल संयोजक रामसूरत यादव ने कहा कि यह धमाकेदार जीत आगामी 2024 के चुनाव का ट्रेलर है। वहीं विधायक प्रतिनिधि श्यामसुंदर सिंह ने इस जीत को लोकसभा चुनाव के लिए सेमीफाइनल बताया। इस मौके पर फुलेश्वर महतो, जिप सदस्य सरस्वती देवी, अनिल गंझू, भरत रजक, सिन्नी समाड, रेणु देवी, दिलीप पासवान, रतनलाल, राजेंद्र रजक, कृष्णा चौहान, शत्रुंजय सिंह, कुलदीप लोहरा, प्रदीपकुमार ठाकुर, मिथिलश प्रजापति, नागदेव सिंह, अमरभूषण सिंह, असर्फी राम, प्रताप यादव, विनोद विश्वकर्मा, प्रदीप प्रमाणिक, मुकेशकुमार सिंह, शिवकुमार चौधरी, नवीन ठाकुर, विनयकुमार झा, हरेंद्र सिंह, पंकज मिश्रा, रवीन्द्र गिरि, डीएन शर्मा, वीणा देवी, शशि तुरी, सोनू कुमार, रामेश्वर महतो, रविभूषण सिंह, जफरूद्दीन अंसारी, बुधन हजाम, माणिक साहू, विवेक सोनी, अमितकुमार विक्की, शिवजी गुप्ता, रोशन सोनी, रवि कौशिक, कामेश्वर निषाद, सदाम अंसारी, मोती सिंह, विकास मालाकार, पवन गुप्ता, देवनारायण प्रजापति, रंथु साहू आदि शामिल थे।

### तमाड़ में भाजपाइयों ने मनाया जीत का जश्न, उड़े अबीर-गुलाल



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तीन राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने मोदी की गारंटी और मोदी मैजिक का नारा लगाया। इस मौके पर तमाड़ के सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, अंड़की सांसद प्रतिनिधि अनुप साहु, जिप सदस्य दिलीप सेठ, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, संतोष साहु, समरेंद्र मुखर्जी, हरेराम महतो, राजकिशोर महतो, देवकुमार उरांव, ठाकुर स्वांसी, शंकर सोनार, मुकेश पातर, विश्वनाथ महतो, बलराम कुम्हार, मदन सिंह मुंडा, प्रताप सिंह, राहुल सेठ और बुधनाथ उरांव आदि थे।

## नक्सलवाद के भय को किया जायेगा पूरी तरह समाप्त: कंपनी कमांडर राजेंद्र




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 94वीं0 बटालियन की बी/94 वाहिनी ने रविवार को रनिया प्रखंड की सोदे पंचायत के तेतारी, गेंदा टोली और टूटीकेल में 300 असहाय, दिव्यांग, बुजुर्ग, महिलाओं और जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कंबल, जल भंडारण टैंक, टिन शीट आदि का निःशुल्क वितरण किया गया। भारत सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के तहत केंद्रीय अर्धसैनिक बलों द्वारा संचालित सिविक एक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत इन सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 94वीं बटालियन के कमांडेंट राधेश्याम सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान सौदे कैंप के कंपनी कमांडर राजेंद्र सिंह सहायक कमांडेंट ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोगों में विश्वास पैदा करना और स्थानीय लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करना है। सिविक एक्शन प्रोग्राम के माध्यम से सीआरपीएफ हमेशा अपने सामाजिक दायित्वों का वहन करती आ रही है और हमारी कोशिश है कि नक्सल प्रभावित गांवों में परिवर्तन लाया जा सके। उन्होंने कहा कि हम इस प्रयत्न में सफल होते नजर आ रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन उपयोगी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी ग्रामीणों को जानकारी दी गई। कंपनी कमांडर ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से क्षेत्र में नक्सलवाद के भय को पूरी तरह खत्म किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में 94 वाहिनी सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी पीआर मिश्रा का प्रमुख योगदान रहा। इस अवसर पर उपस्थित सौदे पंचायत के मुखिया ने कहा कि ग्रामीणों को अधिक अधिक लाभ पहुंचाने और उनकी बेहतरी के लिए सीआरपीएफ लगातार क्षेत्र में कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। मौके पर निरीक्षक बिहारी लाल, निरीक्षक एम सुधाकर, रनिया थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार, वार्ड सदस्य आदि मौजूद थे।

## दिव्यांग मतदाताओं के पंजीकरण को लेकर चलाया गया अभियान

# दिव्यांग मतदाता जागरूक होकर मतदान करें: डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले में रविवार को दिव्यांग मतदाताओं के पंजीकरण को लेकर अभियान चलाया गया। डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा ने खूंटी प्रखंड परिसर में दिव्यांग मतदाताओं को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया। इसके अलावा दिव्यांग मतदाताओं के बीच कंबलों का वितरण किया गया। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर डीसी ने दिव्यांगजनों से मिलकर निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने, मतदाता सूची में पंजीकरण और मताधिकार के प्रति उन्हें जागरूक किया। डीसी ने कहा कि यह अभियान दिव्यांग मतदाताओं को जोड़ने की पहल है। सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदान के महत्वों को साझा किया गया। उन्होंने कहा कि इसे लेकर हर स्तर पर जागरूकता आवश्यक है। इस अभियान के माध्यम से जिले भर में दिव्यांग मतदाताओं की सूची में नाम जोड़ने के लिए मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, ऐसे लोगों के नाम जोड़ने के लिए उन्हें जागरूक किया जा रहा है। डीसी ने कहा कि आज का दिवस सम्मान का दिवस है। सभी दिव्यांग मतदाता जागरूक होकर मतदान करें। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने स्तर से और लोगों को भी जागरूक करने का प्रयास करेंगे। आयोग की ओर से मतदान केंद्रों पर भी दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। आवश्यकता है कि अपने मताधिकार को समझते हुए आगे आएं। फोटोयुक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ, समावेशी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के निमित्त अभियान जारी है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### दिव्यांगजनों को अधिकार दिलाने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा : हरेलाल महतो



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** नीमडीह प्रखंड के रघुनाथपुर वन विश्रामागार परिसर में रविवार को दिव्यांग दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में आजसू के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो भी उपस्थित थे। हरेलाल महतो ने अपने हाथों से 215 दिव्यांगों को कंबल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों को संबोधित करते हुए हरेलाल महतो ने कहा कि आप सभी की मांग को पूरा करने के लिए सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के माध्यम से संसद में आवाज बुलंद किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आप सभी के हर प्रकार की सेवा के लिए मैं अपने तरफ से सदैव तत्पर हूं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार विकास के नाम पर जनता से छलावा कर रही है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के नाम पर सरकारी खजाने को लूटा जा रहा है। झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार का यह कार्यक्रम सिर्फ दिखावा मात्र है। जनता को दिग्भ्रमित करने का प्रयास है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष वैद्यनाथ महतो, समाजसेवी अमूल्य महतो, झारखंड विकलांग संरक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ अरुणेंद्र कुमार सिन्हा, सलाहकार सलिल महतो, डॉ चंद्र मोहन गोराई, सुरेंद्र नाथ महतो, आनंद प्रमाणिक, ग्राम प्रधान रघुनाथ महतो, गुणधर गोप, खगेन मोदी और सुरजीत महतो आदि उपस्थित थे।

### झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितिकरण की बैठक में पेंशन समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितिकरण की रविवार को तमाड़ में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता झारखंड सरकार पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी अरूण कश्यप ने किया। बैठक में आंदोलनकारी की पेंशन आदि विषयों पर चर्चा की गयी। पूरे पांच परगना छेतरो, बुंडू, तमाड़, अड़की, सोनाहातू राहे और सिल्ली के आंदोलनकारी की महत्वपूर्ण बैठक 17 दिसंबर को तमाड़ फॉरेस्ट डाक बंगला में होगी। इसके लिए सभी को बुलाने की जिम्मेदारी दी गयी। मौके पर हलधर महतो, सुखुआ महतो, कृष्णा रवानी, स्वरूप भट्टाचार्य, महेशवर महतो, बादल महतो, गोपाल महतो, राजेंद्र सिंह मुंडा मानकी, जगरनाथ सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

### जंगली हाथी ने ली एक व्यक्ति की जान



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडू प्रखंड क्षेत्र के बकारकुड़ी गांव में रविवार अहले सुबह छह बजे शौच को गए गणेश कुमार (32) को हाथी ने पटक पटक कर मार डाला। इसकी सूचना मिलते ही वन क्षेत्र पदाधिकारी मैनेजर मिर्धा और तिरूलडीह थाना प्रभारी चित्ररंजन कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और तत्काल वन विभाग की ओर से 50 हजार रुपये अग्रीम मुआवजा राशि परिजनों को दे दी। तिरुलडीह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण जुट गए और वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए घंटों वन विभाग के पदाधिकारियों को घेरकर रखा। बाद में मौके पर पहुंचे जेबीकेएसएस नेता गोपेश महतो ने वन क्षेत्र पदाधिकारी को फटकार लगाते हुए हाथी को क्षेत्र से भगाने, बेसहारा बूढ़े मां बाप की उचित व्यवस्था करने, पीएम आवास व शौचालय तत्काल देने व आसपास के झाड़ियों को साफ कराने की मांग की।

### सुजीत रंजन बने पिपरवार के नये स्टाफ ऑफिसर सिविल

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के स्टॉफ ऑफिसर सिविल सुमन कुमार का तबादला कर दिया गया है। सुमन कुमार का तबादला सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के सिविल विभाग मे हुआ है। वहीं, एनके एरिया के स्टॉफ आफिसर सिविल सुजित कुमार रंजन को पिपरवार क्षेत्र का नया स्टॉफ ऑफिसर सिविल बनाया गया है। जबकि आम्रपाली-चंद्रगुप्त के सिविल अधिकारी अभिरूप आद्रीयन को एनके एरिया का स्टॉफ आफिसर सिविल बनाया गया है। सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस की ओर से इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई है।

### अनुमंडल स्तरीय ग्राम प्रधानों की बैठक



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल स्तर ग्राम प्रधानों की बैठक रविवार को सूर्य मंदिर परिसर में हुई। जिसका संचालन मिहिर सिंह मुंडा ने किया। बैठक की प्रमुख मांग ग्राम प्रधानो मानकी मुंडा को पहचान पत्र निर्गत करने, ग्राम प्रधानों को दी जाने वाली सम्मान राशि को बढ़ाकर 5000 करने भू-लगन को मुंडा मंकी की मालकीयत प्रदान करने की बात की गयी। बैठक में सागर मुंडा, बंधु राय मुंडा, गोवर्धन सिंह मानकी, रितु प्राण सिंह मुंडा ठाकुर आदि मौजूद थे।

### बुंडू कोर्ट भवन में मनाया गया अधिवक्ता दिवस

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** अधिवक्ता संघ की ओर से बुंडू कोर्ट भवन में रविवार को अधिवक्ता दिवस मनाया गया। अधिवक्ताओं ने देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया और संविधान का रक्षा करने के लिए संकल्प लिया। इस मौके पर बार एसोसिएशन के रामचरण महतो, शिव शंकर महतो, आनंद राम महतो, संजय पांडे, संजय मुखर्जी, दिलीप राय आदि उपस्थित थे।

### डॉन बॉस्को एकेडमी में समारोहपूर्वक मना वार्षिकोत्सव



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** डॉन बॉस्को एकेडमी में वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक ग्लेन जोसेफ गाल्स्टन के अलावा सेवानिवृत्त डीएसपी विक्टर एंथोनी व डॉन बॉस्को स्कूल के संस्थापक, निदेशक अल्फ्रेड जॉर्ज डे रोजारियो, डोरोथी डे रोजरियो, माइकल डेनियल आदि उपस्थित थे। विधायक ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

### छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्यप्रदेश में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद जगह-जगह मना जश्न

# तीन राज्यों में भाजपा की जीत नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व का नतीजा: कमलेश सिंह

आजाद सिपाही टीम

**हुसैनाबाद/पांकी/विश्रामपुर/हरिहरगंज/मेदिनीनगर।** तीन राज्यों छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में भाजपा की प्रचंड जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व का सुबूत है। यह बात राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजीत गुट) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि चार में से तीन राज्यों में भाजपा की जीत ने यह साबित कर दिया है कि जनता जागरूक हो गई है। जनता ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वाश जताने के साथ ही उनके वायदे पर भरोसा जताया है। सबका साथ सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास पाने में भाजपा कामयाब रही और आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन प्रचंड बहुमत लेकर आयेगा। कहा कि झारखंड की सभी लोकसभा सीटें भाजपा गठबंधन के खाते में डालने के लिए गठबंधन पूरी ताकत के साथ जुटा है। उन्होंने तीन राज्यों की जीत पर एनडीए के देश व झारखंड राज्य के नेताओं को बधाई दी है। उधर, एनसीपी के हुसैनाबाद कार्यालय में भी जश्न का माहौल है। कार्यकर्ता एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं और मिठाई बांट रहे हैं। हुसैनाबाद क्षेत्र के सभी पांच प्रखंडों में भी कार्यकर्ताओं में जश्न है।


विधायक कमलेश सिंह।

## हरिहरगंज में मना जश्न

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड बहुमत से मिली जीत पर रविवार को हरिहरगंज भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल रहा। मंडल कार्यालय से कार्यकर्ताओं ने शहर में विजय जुलूस निकाल जीत का जश्न मनाया। हर-हर मोदी, घर-घर मोदी जैसे नारे गूंजते रहे। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम के नेतृत्व में विजय जुलूस निकाला गया। आरसी लाल चौक सहित अन्य प्रमुख चौराहों पर जमकर आतिशबाजी की गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलना यह साबित करता है कि देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी के साथ है। विपक्ष के आरोपों को जनता ने सिरे से खारिज कर दिया है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा, महामंत्री सनी गुप्ता, प्रदेश किसान मोर्चा सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंदन जयसवाल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र पासवान, भीमसेन शर्मा, अशोक कुमार, मनोज मेहता, अंबुज सिंह, लखन साव, करण राजवीर, गोपाल मेहता, रघुनंदन साव, संजीव सिंह, गुप्ता साव, अंकुश कुमार, श्याम बाबू, मनीष कुमार, जितेंद्र साव,नागेंद्र कुमार, राकेश विश्वकर्मा, धर्मेंद्र कुमार आदि शामिल थे। वहीं, सतबरवा में भी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर जीत की बधाई दी। ढोल नगाड़े के साथ विजय जुलूस भी निकाला। भाजपा कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर कार्य कर रही है। यही कारण है कि तीन राज्यों में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। देश का विकास सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही हो सकता है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रवि प्रसाद, दिनेश साव, संदीप यादव, जुलू पाठक, अशोक यादव और संदीप प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## तीनों राज्यों में पीएम मोदी की गारंटी की जीत : विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** तीन राज्यों छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में मिली बंपर जीत से उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को विश्रामपुर में विजय जुलूस निकाला। जिसकी शुरूआत थाना चौक से हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की। एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर मिठाई खिलायी। नगर भ्रमण के बाद सोरडिहा में जुलूस का समापन हुआ। जुलूस में पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी भी शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री मोदी के गारंटी की जीत है। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष बबन राम, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, शिवबंश मिश्रा, किरण शर्मा, संजय ठाकुर, संजय शाह, देवनारायण सिंह खरवार, मनीष कुमार, संतोष राम, अर्चना देवी, धर्मेंद्र कुमार, इदरीश हवारी, सत्यनारायण व सोनी आदि थे।

## तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत की खुशी में पांकी विधायक ने निकाला विजय जुलूस



**पांकी (आजाद सिपाही)।** छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्यप्रदेश में भाजपा के जीत की खुशी में पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने रविवार को अपने समर्थकों-कार्यकर्ताओं के साथ नीलाम्बर पीताम्बरपुर और पांकी में विजय जुलूस निकालकर खुशी का इजहार किया। जुलूस में गाजे बाजे के साथ आजीशबाजी कर व मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद, डॉ शशिभूषण मेहता जिंदाबाद आदि के नारे भी लगाए। जुलूस पांकी कर्पूर चौक से जुलूस भगत सिंह चौक होते हुए बाजार भ्रमण करते हुए अंबेडकर चौक पर सभा में तब्दील हो गई। जुलूस में प्रो बचन ठाकुर, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, कमेश यादव, लाला यादव, भाजपा युवा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, जिला सांसद प्रतिनिधि ललित मेहता, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, विजय ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि चुनमुन पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष शत्रुधन सिंह, श्यामनंदन ओझा, सुनील प्रसाद गुप्ता, साधु मांझी, लोहरसी मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह, यशवंत कुमार, पवन प्रसाद गुप्ता, राजेंद्र यादव, जयकिशोर प्रसाद आदि थे।

## पलामू भाजपा में जश्न, बांटी मिठाइयां

तीन राज्यों छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत से उत्साहित पलामू भाजपा के कार्यकर्ताओं-नेताओं ने जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक की अगुवाई में गीता भवन से जुलूस निकाला, जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए छह मुहन चौक तक गया। इसमें प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, विपिन बिहारी सिंह, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडे, मंगल सिंह, सुरेंद्र विश्वकर्मा, विजय ओझा, शिव कुमार मिश्रा, अविनाश वर्मा, अविनाश सिन्हा उर्फ छोटू, दीपक सिंह, ज्योति पांडे, मनोज दुबे, श्वेतांग गर्ग, नंदलाल गुप्ता, मनोहर कुमार लाली, सुनील तिवारी, राजकुमार बर्मन, छोटू सिंह, जितेंद्र तिवारी, अमर मिश्रा, ट्विंकल गुप्ता, धीरज गुप्ता, अशोक गुप्ता, निवेदन अग्रवाल, रंजीत चंद्रवंशी, रोहित पाठक, आनंद प्रताप सिंह, मुन्ना मिश्रा, पंकज शर्मा, विजय कुशवाहा, गुड्डू बर्मन, ओम प्रकाश, सीटू गुप्ता, मंजू गुप्ता, रेणुका पांडे, सरिता सिन्हा आदि शामिल हुए। इस अवसर पर खुशी का इजहार करते हुए भाजपा जिलाअध्यक्ष विजय आनंद ने कहा कि सनातनियों की उपेक्षा कर तुष्टिकरण की जो राजनीतिक करेंगे उसको करारा जवाब देश की जनता जरूर देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। देश में हो रहे विकास एवं जन कल्याण के लिए किये जा रहे कार्य के बल पर भाजपा 2024 में भी राष्ट्रीय स्तर पर विजई होगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश का नेतृत्व करेंगे।

## पिता की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** महावीर प्रसाद पांडेय की 13वीं पुण्यतिथि पर उनके द्वितीय पुत्र सह समाजसेवी विजय पांडेय ने दर्जनों जरूरतमंदों के बीच कंबल और शॉल का वितरण किया। छात्र-छात्राओं के बीच कलम कॉपी का वितरण किया। इससे पहले विजय पांडेय ने अपने आवास पर पिता महावीर प्रसाद पांडेय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।

## नाबालिग लापता थाना में गुमसुदगी का सनहा दर्ज



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** रेहला थाना क्षेत्र के डीहरिया गांव निवासी करार अंसारी का 13 वर्षीय बेटा सैफ अली पिछले 24 घंटे से लापता है। परिजनों द्वारा सगे संबंधी सहित सभी संभावित जगहों पर तलास की गयी। लेकिन अभी तक इसका कोई सुराग नहीं मिला पाया है। हताश परिजनों ने रेहला थाने में गुमसुदागी का सनहा भी दर्ज कराया है। लापता युवक सैफ अली की मां इसरत बीबी ने बताया कि शनिवार की सुबह घर से निकला था, लेकिन शाम तक वह घर नहीं लौटा। जिसके बाद उसकी तलास शुरू है। रविवार को रेहला थाना में गुमसुदगी का सनहा दर्ज कर उसे खोजने की गुहार लगायी है।

### न्यूटन ट्यूटोरियल्स का आइआइटी/मेडिकल की तैयारी पर मंथन

# सही सोच और सतत प्रयास ही सफलता का मूलमंत्र : इमरान

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज शहर के बैरिया चौक स्थित होटल चंद्र रेजिडेंसी में रविवार को न्यूटन ट्यूटोरियल्स की ओर से सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय था आगामी आइआइटी-मेडिकल की परीक्षाओं में कैसे ज्यादा से ज्यादा अंक और रैंक प्राप्त किये जाये। इस अवसर पर मदन मोहन ने बताया कि बच्चों को किन बिंदुओं पर ध्यान देना चाहिए। रसायन विज्ञान के शिक्षक पंकज कुमार ने बताया कि लगातार प्रयास की जरूरत है। जबकि भौतिकी के शिक्षक प्रणव कुमार ने भौतिकी की तैयारी से संबंधित जानकारी दी। न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक इमरान अली ने बोर्ड और प्रतियोगिता परीक्षा के अंतर को स्पष्ट किया। कहा कि सही सोच, एनर्जी और सतत प्रयास से ही सफलता प्राप्त होगी। वहीं, पंकज कुमार और मदन मोहन के अनुसार विद्यार्थियों के मन में भ्रम है कि जेइइ या मेडिकल का एग्जाम काफी कठिन होता है, जबकि वास्तविकता कुछ और ही है। इन्होंने पाई चार्ट की मदद से समझाने की कोशिश की कि पिछले पांच सालों में आये हुए प्रश्न पत्र पर नजर डालने से ये प्रतीत होता है कि लगभग 40 से 50 प्रतिशत प्रश्न काफी ही आसान होते हैं, जो किसी भी मेहनत करने वाले बच्चे से बन सकता है। 20 से 30 प्रतिशत थोड़ा कठिन होता है, उसे भी जिस बच्चे का बेसिक सही है, बना सकते हैं। 20 प्रतिशत प्रश्न कठिन होते हैं, जो सिर्फ अच्छे बच्चे से ही बना सकते हैं। प्रणव कुमार के अनुसार अगर मेडिकल के लिए बच्चे एनसीइआरटी की पुस्तक पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दें, तो अधिक फायदा होगा। नकारात्मक प्रश्न को छोड़ने में ही भलाई है। उनके अनुसार पढ़ाई को बोझ नहीं समझें, उसे इंज्वाय करते हुए अपने लक्ष्य तक पहुंचे। इधर, क्विज प्रतियोगिता में एमडीएनजीजीपीएस, एमके डीएवी, रेड रोज पब्लिक स्कूल के बच्चों के बीच पुरस्कार वितरित किया गया।



### हर रविवार को एडमिशन टेस्ट

न्यूटन ट्यूटोरियल्स में नया बैच 2024 के लिए एडमिशन टेस्ट प्रत्येक रविवार को होगा। विस्तृत जानकारी कार्यालय से मिलेगी। साथ फोन नंबर 0651-2563018, 9204793521, 9708423600 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### व्यक्ति नहीं एक विचारधारा का नाम था महावीर प्रसाद पांडेय : संजय पांडेय



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के महान विभूति महावीर प्रसाद पांडेय की 13 वीं पुण्यतिथि रविवार को मनाई गई। इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्य कार्यक्रम जनता उच्च विद्यालय में हुआ। जहां सबसे पहले विद्यालय परिसर में स्थापित महावीर प्रसाद पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। उनके सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया। स्व पांडेय के छोटे पुत्र सह सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि उनके पिता का सपना था कि विश्रामपुर शिक्षित और विकसित हो। इसके लिए उन्होंने जनता उच्च विद्यालय,जमुना देवी परियोजना कन्या उच्च विद्यालय सहित कई विद्यालयों की स्थापना की। इसके लिए कई एकड़ जमीन दान किया। संजय पांडेय ने कहा कि महावीर प्रसाद पांडेय कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे। प्राचार्य भोला राय ने स्व महावीर प्रसाद पांडेय के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर अवध बिहारी पांडेय, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, मॉडर्न संत पॉल के निदेशक राहुल जैकब, शमशेर आलम, सरिता देवी, नीरज देवी, मंजूर हसन, विजय पेंटर, राजेंद्र कुमार, लालो चंद्रवंशी और प्रभव मिश्रा आदि मौजूद थे।

### मोदी राजनीतिक विश्वसीनयता के प्रतीक हैं : ज्योतिरीश्वर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह ने तीन राज्यों के चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश का चुनाव परिणाम यह बताने के लिए पर्याप्त है कि देश को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। पिछले 10 वर्षों में देश की प्रगति के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने जो काम किया है। चुनाव के नतीजे उन्हीं का परिणाम है। कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान में किसानों को धोखा दिया है। छत्तिसगढ में पिछले पांच साल में घोटाला ही हुआ है। विरोधियों के षड्यंत्र के बाद भी देश की जागरूक जनता ने भाजपा के राष्ट्रहित की राजनीति पर मुहर लगायी है।








VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!












# धनबाद जेल में गैंगवार : गैंगस्टर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या

- घटना के बाद कैदियों में मची अफरा-तफरी, पुलिस ने किया नियंत्रित
- देर शाम तक जेल के अंदर रहा पूरा प्रशासनिक अमला, करते रहे जांच पड़ताल

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जेल में बंद पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्या का मुख्य शूटर व रंगदारी के लिए दर्जनों घटना को अंजाम देने वाले गैंगस्टर अमन सिंह की रविवार को जेल के अंदर ही गोली मारकर हत्या कर दी गयी। घटना अपराह्न तीन बजे की बताई जा रही है। अमन के हत्या करने के कारणों व गोली मारने वालों का पता नहीं चल सका है। उधर, घटना के बाद डीसी वरुण रंजन, एसएसपी संजीव कुमार, एसडीएम उदय कुमार रजक के अलावे जिला प्रशासन के सभी अधिकारी व सैकड़ों पुलिस के जवान आनन-फानन में जेल पहुंच गए। खबर लिखे जाने तक जांच जारी थी।







## विधायक ढुल्लू महतो से भी भिड़ंत की खबर आयी थी सामने

विधायक ढुल्लू महतो से भी जेल के अंदर अमन की भिड़ंत हो चुकी है। एक मामले में बाघमारा विधायक वर्ष 2020 में जेल में बंद थे। उसी वक्त विधायक के एक करीबी के घर फायरिंग की घटना हुई थी। जिसके बाद विधायक के करीबी की पत्नी के बयान पर अमन सिंह पर भी मामला दर्ज हुआ था। इसके बाद जेल में ढुल्लू और अमन की भिड़ंत की खबर सामने आई थी। हालांकि इस बाबत तत्कालीन जेलर ने ऐसी किसी भी घटना से साफ इन्कार किया था।

### अमन के सिर में लगी दो गोली

घटना की खबर तब फैली जब अचानक जेल की इमरजेंसी बेल कही जाने वाली पगली घंटी बजने लगी। इसके बाद अधिकारियों का काफिला सैकड़ों पुलिस बल के साथ जेल में प्रवेश करने लगा। घटना के तुरंत बाद आनन-फानन में अमन को एसएनएमएमसीएच ले जाएगा जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि खबर लिखे जाने तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी। सूत्रों की मानें तो अमन को आधा दर्जन से ज्यादा गोली मारी गयी है। अमन के पेट में चार और दो गोली सिर में लगी है। बताया जा रहा कि एक गोली अमन के बाएं आंख में भी लगी है।

### जेल के अंदर बताया था जान का खतरा

पेशी के दौरान कई बार अमन सिंह ने पत्रकारों को बयान देकर अपनी जान का खतरा भी बताया था। उसने संदेह जताया था कि जेल में उसकी हत्या हो सकती है। पत्रकारों को अमन कोयलांचल के नामचीन घराने के दो लोगों का नाम लेकर अपनी हत्या करवाने का आरोप लगाया था। जेल के अंदर से ही अमन अपना गैंग चलाकर कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुका था। उसपर दर्जनों मामले भी दर्ज हैं। कई बार अमन को दूसरे जिले के जेल में भी भेजा गया था। अमन सिंह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ का रहने वाला था। जेल में रहकर उसने धनबाद की अपराध की दुनिया में सम्राज्य स्थापित किया।

# राजधनवार में भाजपा ने जीत का जश्न मनाया



राजधनवार कार्यालय में भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने मिठाई बांटी ।

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रचंड जीत को लेकर रविवार को भाजपा कार्यालय में भाजपाइयों ने जश्न मनाया और मिठाई बांटी। इस दौरान भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने केंद्र की मोदी सरकार, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, झारखंड के प्रभारी कर्मबीर, लक्ष्मीकांत बाजपेई, अर्जुन मुंडा, बाबूलाल मरांडी, नागेंद्र त्रिपाठी और कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आज का जो तीनों राज्यों का रिजल्ट हुआ है, वह मोदी सरकार की कामों का रिजल्ट है। ठीक इसी तरह 2024 की लोकसभा में दो तिहाई बहुमत होगा और लोग मोदी के प्रति समपर्ण दिखायेंगे। पूरा देश मोदीजी के नेतृत्व आगे बढ़ेगा।

कार्यक्रम के बाद श्री सिह डोरंडा शादी समारोह में शामिल हुए तथा अन्य कई गांव के समारोह में शिरकत की। इस मौके पर भाजपा नेता सुनील अग्रवाल, उदय सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव, अशोक राय, नकुल राय, श्रीकांत, अमर, विनय सिंह आदि कई लोग उपस्थित थे।

# प्रिंस के लिए वसूली करने वाले पांच गुर्गों को पुलिस ने दबोचा



- 2.25 लाख नगद, दो पिस्टल, चार कारतूस सहित सात मोबाइल फोन बरामद

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद पुलिस गैंगस्टर प्रिंस खान पर नकेल कसने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। लगातार उसके गुर्गों को गिरफ्तार कर जेल भेज रही है। बीते हफ्ते एक बार फिर प्रिंस का आतंक धनबाद में देखने को मिला। जिसके बाद पुलिस ने फिर से उसके पांच गुर्गों को गिरफ्तार किया है। रविवार को धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने इस बाबत अपने कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर इसकी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रिंस के लिए रंगदारी वसूली करने वाले 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से वसूली के दो लाख 25 हजार रुपये नगद, दो पिस्टल, सात मोबाइल फोन और चार जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। उनकी पहचान इम्तियाज आलम, मो कामरान, फैय्याज आलम उर्फ लड्डु, सद्दाम, तौकीर के रूप में हुई है। सभी को बैंक मोड़ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

## तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह मनाया जश्न

# नरेंद्र मोदी की गारंटी पर जनता ने किया विश्वास : बिरंची नारायण



तीन राज्यों में जीत की खुशी में जुलूस निकालकर जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** देश के तीन बड़े राज्यों में भाजपा की जीत पर बोकारो विधायक कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने रविवार को जमकर जश्न मनाया। कार्यकर्ता ढोल नगाड़ों के साथ अबीर गुलाल उड़ाकर व मिठाइ खिलाकर खुशी का इजहार किए। आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। इस बाबत बोकारो विधायक बिरंची नारायण सिंह ने कहा कि जिस प्रकार 4 में से तीन राज्यों में बहुमत के साथ भाजपा की जीत हुई है, जनता ने मोदी की गारंटी पर विश्वास किया। उससे साफ पता चलता है कि प्रधानमंत्री मोदी के ऊपर प्रदेश की जनता का विश्वास दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। लोग कहते हैं कि मोदी है, तो विकास की गारंटी है। जिस प्रकार कांग्रेसी नेताओं ने 70 सालों तक अंग्रेजों से भी अधिक लूटने लूटपाट की उसे जनता अब समझ चुकी है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनाव में जनता ने इशारा कर दिया कि देश की राजनीति की बागडोर 2024 में भी नरेंद्र भाई मोदी को दिया जाएगा। मोदी सरकार में अंतिम पायदान पर बैठे लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है, इस प्रकार अंबेडकर के सपनों को पूरा किया जा रहा है। इस मौके पर शशिभूषण ओझा, रोहितलाल सिंह, आरती राणा, संजय त्यागी, कमलेश राय, अशोक कुमार पप्पू, माथुर मंडल, महेंद्रराय, सुनील गोस्वामी, श्याम मंडल, सुजीत चक्रवर्ती, मुकेश राय, पन्नालाल कांदू, विनय किशोर, टिंकू तापड़िया, बैधनाथ प्रसाद, अनिल सिंह, हरीश सिंह, सनातन सिंह, ब्रज दुबे, जितेंद्र गोस्वामी, मंतोष ठाकुर, सतेंद्र कुमार, गोलू उपाध्याय, डाक्टर अशोक, प्रकाश प्रामाणिक, रंजीत वर्णवाल, मोहन गोराई, अशोक महतो, गौतम शर्मा, हरिपद गोप, विपिन ठाकुर, प्रकाश चटर्जी, सुबोध मंडल, सीमा शर्मा, सुनीता प्रसाद, उषा मिश्रा, नीतू सिंह, झंतु दे, राजेश घोसाल, ऋषव राय, सुनील मोहन ठाकुर, राजू गुप्ता, पिंटू पाल, स्वदेश ख्वास और हरिपद गोप आदि मौजूद थे।

## 2024 लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी की जीत पक्की : रागिनी

**झरिया/धनबाद (आजाद सिपाही)।** तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा की बंपर जीत से उत्साहित पार्टी कार्यकर्ता जश्न में डूब गए हैं। धनबाद के विधायक राज सिंन्हा ने रणधीर वर्मा चौक पर जीत खुशी में की जा रही आतिशबाजी में भाग लिया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और जनता के अटूट विश्वास के कारण ही प्रचंड जीत मिली है। वहीं, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कतरास मोड़ स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ जीत की



दीपावली मनाई। उत्साहित कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और मिठाइयां बांटी। रागिनी सिंह ने झरिया-कतरास मोड़ पर राहगीरों और दुकानदारों के बीच मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। रागिनी सिंह ने कहा कि जनता अब बदलाव की ओर चल पड़ी हैं। तीन राज्यों में भाजपा की जीत ने साबित कर दिया कि 2024 में फिर एक बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। 2024 में भाजपा की केंद्र और राज्य में जीत तय हो गई है।

## रमा देवी महिला विवि का नौवां स्थापना दिवस

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में विवि का योगदान उल्लेखनीय है : राज्यपाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** यह सदी भारत की है। भारत विश्व का नेतृत्व करने जा रहा है। भारत वर्तमान में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंच जायेगा। राज्यपाल रघुवर दास ने कहा कि विकास की इस धारा को गति देने में नारी शक्ति अग्रणी भूमिका निभायेगी। आज रमादेवी विश्वविद्यालय के नौवें स्थापना दिवस समारोह में भाग लेते हुए, राज्यपाल और कुलाधीपति रघुवर दास ने कहा, आजकल महिलाएं महान उपलब्धियां हासिल कर रही हैं और लगभग हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं। इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में कई दूरदर्शी कार्यक्रम और योजनाएं लागू की जा रही हैं। हाल ही में नारी शक्ति बंदन अधिनियम लाने के लिए संविधान में संशोधन करके महिला शक्ति के उपयोग और उपयोग को सशक्त बनाया गया है। राज्यपाल ने कहा कि महिला शक्ति के सम्मान और अधिकारों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और ईमानदारी बहुत प्रेरणादायक है। राज्यपाल ने आगे कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक प्रगतिशील प्रयास है। इससे ज्ञान आधारित व्यवस्था मजबूत होगी। दक्षता और कौशल विकास से शुरूआत कर के मातृभाषा में शिक्षा और नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने से देश उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर होगा। राज्यपाल ने कहा कि एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महिलाओं की प्रमुख भूमिका है। महाविद्यालय से विश्वविद्यालय तक का सफर सार्थक और प्रेरणादायक है। ओड़िशा में महिला सशक्तिकरण की दिशा में विश्वविद्यालय का योगदान उल्लेखनीय है।

## तस्करों में हड़कंप : अवैध कोयला तस्करी पर जिला पुलिस प्रशासन की बड़ी कार्रवाई


# अलग-अलग जगहों से 900 टन अवैध कोयला जब्त

- अवैध रुप से संचालित मुहानों की कराई गई डोजरिंग

आजाद सिपाही टीम

**कतरास/महुदा।** धनबाद एसडीओ उदय रजक एवं बाघमारा सीओ रविभूषण प्रसाद की उपस्थिति में शनिवार की देर रात बरोरा पुलिस ने मुराइडीह कोलियरी के ओल्ड वर्किंग पैच में छापामारी कर 300 टन कोयला जब्त किया है। तस्करों द्वारा अवैध उत्खनन कर प्लास्टिक बोरियों में कोयला जमा किया गया था। बताया जा रहा कि जिस समय एसडीओ छापामारी करने पहुंचे उस वक्त करीबन 200 से अधिक लोग खदान के अंदर अवैध तरीके से कोयला काट रहे थे। पुलिस को देख लोग खदान के अंदर ही कई घंटों तक छिपे रहे। पुलिस के जाते ही अवैध उत्खनन स्थल से निकलकर भाग खड़े हुए। रविवार अहले सुबह बरोरा पुलिस एवं सीआइएसएफ की मौजूदगी में एएमपी कोलियरी प्रबंधन लगभग एक दर्जन अवैध खदानों के मुहानों को डोजरिंग कर भराई करवाई गयी। इसके बाद जब्त कोयला का उठाव कर शताब्दी कोलियरी के कोलडंप में डंप किया गया। कोलियरी के नोडल इंचार्ज नवल किशोर महतो ने बताया कि पहले भी प्रबंधकीय टीम द्वारा अवैध खदानों के मुहानों को बंद किया गया था। लेकिन लोगों द्वारा फिर से मुहानों को खोलकर अवैध तरीके से कोयले का खनन कर रहा है। एसडीओ के निर्देश पर पुलिस द्वारा कोयला का जब्त कर प्रबंधन को सौंप दिया है। वहीं, एसडीओ की टीम ने बाघमारा थाना क्षेत्र के हिरक रोड पर शनिवार की देर रात को अवैध कोयला लोड एक 407 वाहन को पकड़कर बाघमारा पुलिस को सौंप दिया है। खबर लिखे जाने तक बाघमारा पुलिस ने वाहन चालक पर मामला दर्ज करने कि प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। जबकि, बरोरा पुलिस को अवैध कोयला के खिलाफ कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है।





## मुरायडीह में टास्क फोर्स ने की छापामारी, 600 टन अवैध कोयला जब्त, मचा हड़कंप

बरोरा थाना अंतर्गत मुराइडीह स्थित पेच फोर एवं उनके आसपास के क्षेत्रों में चल रहे अवैध खनन स्थल पर जिला खनन टास्क फोर्स ने छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध कोयला जब्त किया है। जिसे बाद में बीसीसीएल एरिया-1 को सौंप दिया। इस कार्रवाई के दौरान उक्त स्थलों पर चल रहे दर्जनों अवैध मुहानों की भराई भी कर दी गई। बताते चलें कि शनिवार की रात एसडीओ उदय रजक ने बाघमारा पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन के हॉट-स्पॉट क्षेत्रों का दौरा किया था। इसके बाद उनके नेतृत्व में जिला खनन टास्क फोर्स ने कोयला तस्करी के खिलाफ रविवार को बड़ी कार्रवाई करते करीब 600 टन अवैध कोयला जब्त कर बीसीसीएल को सौंप दिया। गौरतलब हो कि विगत दिनों धनबाद के डीसी वरूण रंजन द्वारा न्यू टाउन हॉल में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स के साथ अवैध खनन पर लगाम लगाने को लेकर बैठक की थी। जिसके बाद से अवैध तस्करी पर जिला प्रशासन ने पूरी तरह से नकेल कसने की तैयारी कर ली है। इसी के मद्देनजर प्रतिदिन कई जगहों पर छापामारी की जा रही है। हालांकि इस कार्रवाई से सवाल भी उठने लगे हैं कि जब इतने बड़े पैमाने पर क्षेत्र में अवैध कारोबर फल-फूल रहा है, तो केवल डीसी, एसडीएम, एसएसपी जैसे बड़े अधिकारियों को ही क्यों दिखते है। अवैध खनन पर स्थानीय पुलिस, सीआईएसएफ, बीसीसीएल व वन विभाग क्या कर रही हैं?। इसका उदाहरण बीते दिन मधुबन थाने में देखने को मिला। जब कई नामजद कोयला चोरों के खिलाफ मामला दर्ज होने के बावजूद गिरफ्तारी केवल वाहन चालक की ही हुई। वहीं राजगंज थाने में 5 अवैध कोयला लदे ट्रको को पकड़कर अनुसंधान किया जा रहा है। जबकि इस अवैध कारोबार से जुड़े सारा अभियुक्त खुलेआम घूम रहे हैं। बीसीसीएल के नोडल ऑफिसर नवल किशोर महतो ने इस संबंध में कहा शनिवार देर रात एसडीओ द्वारा अवैध खनन को लेकर अविलम्ब करवाई की बात कही थी। उनके निर्देश व नेतृत्व में बरोरा व बाघमारा के आसपास में छापामारी किया गया। जिसमें भारी मात्रा में अवैध कोयला को जप्त किया गया हैं। वहीं इस कारोबार से जुड़े तस्करो को चिन्हित किया जा रहा हैं। उनके द्वारा अवैध खनन पर सख़्ती से निपटने की बात कही हैं।

## सोनारडीह-धर्माबांध में जारी है तस्कर अरविंद का अवैध साम्राज्य

सूत्रों की मानें तो क्षेत्र के सोनारडीह और धर्माबांध ओपी अंतर्गत कई स्थानों पर अरविंद सिंह नामक कोयला तस्कर डंके की चोट पर अवैध खनन करवा रहा है। एक ओर जिला टास्क फोर्स की कार्रवाई के बाद तस्करों में हड़कंप मचा हुआ तो दूसरी ओर तथाकथित कोयला तस्कर अरविंद को अब भी कोई भय नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब सभी तरफ अवैध कोयला धंधेबाजों पर जिला प्रशासन करवाई कर रही तो आखिर अरविंद सिंह पर इतनी मेहरबानी क्यों। जानकारों की मानें तो इस अवैध धंधे के साम्राज्य में अरविंद की पकड़ इतनी मजबूत है कि उसके द्वारा चलाये जा रहे अवैध खदानों की ओर कोई झांकता तक नहीं।

## जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन ने नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर और कैंसर जांच का आयोजन किया

**भुवनेश्वर/क्योंझर।** कोइरा, जाजंग और इसके आस-पास के गांवों के 400 से अधिक लोगों ने जगन्नाथ कैंसर सहायता फाउंडेशन (जेसीएएफ) के सहयोग से जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन द्वारा प्रदान किये गये दो दिवसीय मुफ्त स्वास्थ्य शिविर में मुफ्त चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। मेगा स्वास्थ्य शिविर 1 दिसंबर से 2 दिसंबर तक चला, जिसमें कैंसर स्क्रीनिंग और मधुमेह, उच्च रक्तचाप, एसपीओ 2, पल्स, बीएमआई, कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक और स्त्री रोग संबंधी जांच जैसे अन्य परीक्षणों पर ध्यान केंद्रित किया गया। चालू कैलेंडर वर्ष में यह लगातार दूसरा मामला है। मेगा स्वास्थ्य शिविर 1 दिसंबर से 2 दिसंबर तक आयोजित किया गया था, जिसमें कैंसर की जांच और मधुमेह, उच्च रक्तचाप, एसपीओ 2, पल्स, बीएमआई, कार्डियोलॉजी, आर्थोपेडिक और स्त्री रोग संबंधी जांच सहित अन्य परीक्षणों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। दो वरिष्ठ और अनुभवी ऑन्कोलॉजिस्ट, मुंबई के प्रसिद्ध टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल के डॉ शिशिर कुमार शेट्टी, और भुवनेश्वर के उत्कल अस्पताल और केआईएमएस में कार्यरत कैंसर और एंडोक्राइन सर्जन डॉ दिलीप कर ने मरीजों की देखभाल की।

## टीएसएम ने राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही) ।** टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय अंगुल राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के कल्याण के लिए प्रदूषण को कम करने के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न दिलचस्प कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस दिवस का विषय ' एक स्वच्छ और स्वस्थकर ग्रह के लिए सतत विकास' था। टीएसएम प्रमुख-कोक प्लाट के बीरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि थे, जबकि टीएसएम के मुख्य पर्यावरण प्रबंधक संजीव कुमार पाल, एसपीसीबी अंगुल के क्षेत्रीय प्रमुख इं रमेश कुमार एक्का और सहायक पर्यावरण वैज्ञानिक प्रफुल्ल बेहेरा उपस्थित थे।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**